डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
14 जनवरी 2024
रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**
19 अधिकतम
13 न्यूनतम


Page- 7

## 67 दिन में 15 राज्यों का सफर, 20 मार्च को मुंबई पहुंचेगी न्याय यात्रा

# मैदानी लड़ाई के लिए पहाड़ से 7 हजार किमी के मार्च पर निकले राहुल-कांग्रेस

**नई दिल्ली/इंफाल, एजेंसी।**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' आज मणिपुर से शुरूआत में खासी देर हुई। दरअसल दिल्ली से इंफाल जाने वाली स्पेशल फ्लाइट खराब मौसम के चलते काफी देर दिल्ली में अटकी रही। बाद में राहुल गांधी,अशोक गहलोत, दिग्विजय सिंह, सचिन पायलट, भूपेन्द्र हुड्डा, आनंद शर्मा, राजीव शुक्ला, जीतू पटवारी समेत लगभग 100 नेताओं के साथ मणिपुर पहुंचे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे राष्ट्रीय व मणिपुर के शीर्ष कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को हरी झंडी दिखा रहे हैं। खास बात यह है कि कांग्रेस ने यात्रा की शुरूआत का स्थान बदला है। पहले यात्रा सेंट्रल इंफाल से शुरू होनी थी, लेकिन मणिपुर में तनावपूर्ण हालातों के मद्देनजर सरकार ने कांग्रेस को इसकी अनुमति नहीं दी। अब इंफाल से 25 किमी दूर थौबल जिले से यात्रा शुरू हो रही है। यह यात्रा मणिपुर से शुरू होकर 6,713 किलोमीटर की यात्रा 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी। राहुल 60-70 कांग्रेस नेताओं के साथ बस से यह दूरी तय करेंगे तथा आबादी वाले स्थानों पर पैदल चलेंगे। कांग्रेस को इस न्याय यात्रा से तीन महीने बाद लोकसभा चुनावों में संभावनाओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। ज्ञात हो कि यह राहुल गांधी की देशव्यापी 'भारत जोड़ो यात्रा' की दूसरी कड़ी है, पहली कड़ी में उन्होंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3500 किलोमीटर यात्रा की थी। वह यात्रा 12 राज्यों से होकर गुजरी थी। आज से शुरू हुई 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 15 राज्यों को कवर करेगी।



यात्रा के लिए मणिपुर की स्पेशल फ्लाइट में स्पेशल 100

**67 दिन 110 जिले**

मणिपुर से मुंबई तक 67 दिनों की अवधि में 15 राज्यों के 110 जिलों से यात्रा गुजरेगी। यह 355 लोकसभा सीटों को कवर करेगी जो देश की कुल संसदीय सीटों का 65 प्रतिशत है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने इन 355 सीटों में से 236 सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस केवल 14 सीटें जीत सकी थी। यह यात्रा मप्र, छत्तीसगढ़ और राजस्थान से भी गुजरेगी, जहां कांग्रेस हाल ही में चुनाव हार गई है।

## अयोध्या में रामलला के दर्शन व डुबकी लगाने पहुंचेगी कांग्रेस, अखिलेश सपरिवार 22 के बाद जाएंगे

**अयोध्या एजेंसी।** राम मंदिर निर्माण को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर राजनीति करने का आरोप लगा रही विपक्षी दल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की उप्र इकाई ने अयोध्या पहुंचकर दर्शन करने का फैसला किया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस का दल जहां मकर संक्रांति के दिन रामलला का दर्शन करेगा, वहीं अखिलेश यादव ने भी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद सपरिवार जाने का ऐलान कर दिया है। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और नवनियुक्त यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी रामलला और हनुमानगढ़ी के भी दर्शन करेंगे। इसमें यूपी विधानसभा में कांग्रेस दल की नेता अनुराधा मिश्रा, सांसद प्रमोद तिवारी, वरिष्ठ नेता पी एल पुनिया सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहेंगे। अयोध्या पहुंचकर कांग्रेस के पदाधिकारी सबसे पहले सरयू नदी में स्नान करेंगे। इसके बाद रामलाल के दर्शन करेंगे।



## देवड़ा ने छोड़ी कांग्रेस, पार्टी ने कहा तथास्तु

**मुंबई , एजेंसी।**

कांग्रेस से नाराज चल रहे दक्षिण मुंबई के पूर्व सांसद मिलिंद देवड़ा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से आज इस्तीफा दे दिया है। चर्चा है कि देवड़ा अब एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होंगे। देवड़ा का इस्तीफा उस दिन आया है जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी मणिपुर से अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू कर रहे हैं। यात्रा 15 राज्यों के 100 लोकसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी और मुंबई में खत्म होगी। दो लोकसभा चुनाव लगातार हार चुके देवडा को कांग्रेस ने पिछले दिनों संयुक्त कोषाध्यक्ष नियुक्त करके तोहफा भी दिया था। इसके बावजूद उनका इस्तीफा सवाल ख? कर रहा है। माना जा रहा है कि वे दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट पर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के दावे के चलते देवड़ा ने यह कदम उठाया है। पिछले दोनों बार उन्हें इस सीट से हार बीजेपी-शिवसेना गठबंधन के उम्मीदवार अरविंद सावंत से मिली। अब अगले चुनाव में कांग्रेस इंडिया गठबंधन का हिस्सा है। देवड़ा ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मेरी राजनीतिक यात्रा के महत्वपूर्ण अध्याय का समापन हो गया है पार्टी के साथ मेरे परिवार का 55 साल पुराना रिश्ता खत्म हुआ। इस पर पार्टी प्रवक्ता जयराम रमेश ने मिलिंद देवड़ा का नाम लिए बगैर उनके पिता को याद करते हुए कहा कहा, 'मुझे मुरली देवड़ा के साथ अपना वर्षों तक रहा लंबा जुड़ाव याद आ रहा है। वह एक कट्टर कांग्रेसी थे, जो हर मुश्किल परिस्थिति में हमेशा कांग्रेस पार्टी के साथ खड़े रहे। तथास्तु !'



## दिल्ली में अंगीठी के धुएं से घुटा दम, 6 मौत

**नई दिल्ली ।** दिल्ली में कोहरे के साथ ही शीतलहर चल रही है। इस बीच बाहरी दिल्ली में अंगीठी के धुएं के कारण दम घुटने से छह मौत की खबर है। घटना खेड़ा कला गांव की है। यहां एक परिवार ने सर्दी से बचने के लिए रात को अंगीठी जलाई थी। रात में कमरे में अंगीठी का धुआं भर गया। वेंटिलेशन नहीं होने के कारण परिवार के लोगों का दम घुट गया। इसके अलावा इंद्रपुरी में अंगीठी से दम घुटने की वजह से दो लोगों की मौत हो गई। मरने वालों की पहचान 22 वर्षीय अभिषेक और 54 वर्षीय सोम बहादुर के रूप में हुई है। ये दोनों लोग भी रात को कमरे में अंगीठी जलाकर सोए हुए थे। सुबह पुलिस को घटना को लेकर फोन आया।



## मुख्यमंत्री यादव की उज्जैन में राहगीरी व सिंहस्थ 28 के आयोजन की तैयारी



**उज्जैन , दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज फिर रविवार को अपने होमटाउन उज्जैन में हैं। सुबह उन्होंने अपने दिन की शुरुआत कोठी रोड पर 'राहगीरी आनंदोत्सव' में शामिल होकर की। मौज-मस्ती में डूबे लोगों को सीएम ने तिल के लड्डू बांटे सभी को मकर संक्रांति की बधाई दी। उन्होंने 'गोविंद बोलो, हरि गोपाल बोलो..' भजन गाया तथा 'सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी...' गीत पर थिरके व डमरू भी बजाया। इसके बाद उन्होंने सिहस्थ 2028 को लेकर किए जाने वाले कामों और शिप्रा नदी शुद्धिकरण को लेकर संभागीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंनेविभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत कार्य योजनाओं की समीक्षा की तथा मकोड़ियाआम में 100 करोड़ रुपये से बनने रेलवे प्रशिक्षण केंद्र का भूमि पूजन किया। वे अपरांह महिद्पुर के डोंगला गांव में स्थित वराह मिहिर खगोलीय वेधशाला में विज्ञानियों के साथ बैठक करेंगे।

## इमरान खान का बैट छीना सुप्रीम कोर्ट ने




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान का पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संगठनात्मक चुनावों को रद्द घोषित कर दिया है तथा कोर्ट ने पार्टी के चुनाव निशान क्रिकेट के बल्ले को बरकरार रखने की मांग को भी खारिज कर दिया है। अब 8 फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले जेल में बंद इमरान खान के लिए यह एक बड़ा झटका है। पाकिस्तान चुनाव आयोग ने पेशावर हाईकोर्ट के उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें उसने पीटीआई पार्टी के चुनावों को वैध करार देते हुए क्रिकेट के बल्ले को उसके चुनाव चिन्ह के रूप में बहाल कर दिया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया है।

## कोहरे के चलते पांच ट्रक भिड़े, एक मौत

**नोएडा एजेंसी।** दिल्ली व आसपास समूचे उत्तरभारत में घने कोहरे के चलते आज सुबह ग्रेटर नोएडा के ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा हो गया। ईस्टर्न पैरिफेरल पर पलवल से नोएडा जाने वाले रास्ते इंडियन पेट्रोल पंप के पास अत्यधिक कोहरा होने के कारण चलता हुआ ट्रक डिवाइडर तोड़कर उपर चढ गया। जिस कारण पीछे से आने वाले पांच ट्रक आगे पीछे टकरा गये। हादसे में एक चालक की मौत हो गई है और चार लोग घायल हैं।






**मेट्रो एंकर** सोशल मीडिया पर यूजर्स का अजब फितूर...

# 10 करोड़ का जूठा सैंडविच बिकने आया बाजार में !

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

सोशल मीडिया जितना उपयोगी है उतना ही बेसिरपैर की मजाक या सनसनी का भी जरिया है। इसे लेकर कई लोग सिर धुनते रहते हैं। अब एक सैंडविच इस पर चर्चा का सबब है। वैसे तो सैंडविच की कीमत हर किसी को पता है यह कुछ रूपयों में मिल जाता है। बड़े होटलों में यह अलग अलग वैराइटी के साथ कुछ महंगा जरूर है लेकिन दुनिया के लगभग सभी देशों में आसानी से मिल जाता है। मगर फेसबुक पर एक सैंडविच जिस कीमत पर बिक रहा है, वो कोई सोच भी नहीं सकता। यहां 1.3 मिलियन डॉलर यानी करीब 10 करोड़ रुपये में इस सैंडविच की बिक्री हो रही है।. इससे भी हैरानी वाली बात ये है कि सैंडविच आधा खाया हुआ है, यानी ये किसी का जूठा सैंडविच है। बावजूद इसके इतनी अधिक कीमत पर बिक रहा है. इसे लेकर हर कोई कन्फ्यूज है। दरअसल न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, सैंडविच को बिक्री के लिए फेसबुक मार्केटप्लेस पर पोस्ट किया गया है। यहां लोग इस्तेमाल किया हुआ सामान भी खरीद सकते हैं।



इस अजब सैंडविच को लेकर विस्तार से जानकारी भी दी गई है। इसे इंग्लैंड के लीस्टर के रहने वाले शख्स ने हाल में बिक्री के लिए पोस्ट किया और डिटेल्स में लिखा है कि ये नया ग्रिल्ड, आधा खाया हुआ सैंडविच है, इसमें चीज और थोड़ा मीट है। सैंडविच को काफी क्रिस्पी बताया गया तथा लिखा है कि सैंडविच इसलिए बेचा जा रहा है क्योंकि इसका मालिक इसे पूरा खत्म नहीं कर पाया था ! हालांकि ऐसा पहली बार नहीं है जब इस तरह की चीज फेसबुक जैसे प्लैटफॉर्म पर पोस्ट की गई हो। इससे पहले एक शख्स ने अपने लंच की तस्वीर यहां पोस्ट कर दी थी। जिसमें पके हुए आलू और फली की सब्जी थी, उसने ये भी लिखा कि उसके पास खाने के लिए प्लेट नहीं है, इसलिए इस लंच को माइक्रोवेव की कांच की प्लेट पर रखा है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा, मैं एक मोबाइल इंजीनियर हूं। मेरी वैन में माइक्रोवेव है लेकिन कुछ भूल गया हूं। इसलिए मुझे माइक्रोवेव की प्लेट का इस्तेमाल करना पड़ रहा है।

# ट्रेनें लेट हुई तो बीच के स्टेशनों पर आराम कर सकेंगे ड्राइवर

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

ट्रेनें लेट हुई और निर्धारित स्टेशन पर नहीं पहुंची तो उसे चलाने वाले ड्राइवर व सहायक ड्राइवर बीच के स्टेशनों पर आराम कर सकेंगे। निर्धारित समय तक आराम करने पर यहां से दूसरी ट्रेनें चलाते हुए अपने निर्धारित स्टेशन तक पहुंचेंगे और फिर घर जाएंगे। रेलवे इसके लिए बीच-बीच के स्टेशनों में रनिंग रूम बनवा रहा है। भोपाल रेल बरखेड़ा, हरदा समेत अन्य स्टेशनों पर ऐसे रनिंग रूमों का निर्माण करवा रहा है।



## अभी यह है व्यवस्था

अभी मुख्य स्टेशन जैसे भोपाल, इटारसी, बीना में ही रनिंग रूम है। ऐसे में ट्रेनें चाहे जितनी भी लेट हो जब तक ऐसे प्रमुख स्टेशनों तक नहीं पहुंच जाती, तब तक ड्राइवर व सहायक ड्राइवर ट्रेनें नहीं छोड़ सकते। फिर चाहे ट्रेनें कितनी भी देरी से क्यों नहीं चल रही है। इस तरह ड्राइवरों व सहायक ड्राइवरों को लंबे समय तक ट्रेनें चलानी पड़ती है। ये परेशान हो जाते हैं। जिसे देखते हुए रेलवे ने बीच के छोटे-छोटे स्टेशनों पर भी रनिंग रूमों की व्यवस्था कर दी है।

## ड्राइवरों व सहायक ड्राइवरों की आपत्ति

नई व्यवस्था से ड्राइवर व सहायक ड्राइवरों को नई व्यवस्था से आपत्ति है। इनका कहना



है कि बीच के स्टेशनों पर ठहरना पड़ेगा, सिसकी वजह से परिवार के बीच पहुंचने में 50 से 55 घंटे तक लग सकते हैं, अभी 30 से 36 घंटे में परिवार के बीच पहुंच जाते हैं। इस तरह लंबे समय तक परिवार से दूर रहने के कारण मानसिक तनाव कम होने की बजाए बढ़ेगा। चिंता सताएगी की घर में सब ठीक है या नहीं। परिवार के साथ ज्यादा समय नहीं दे पाएंगे। भोपाल रेल मंडल के कई ड्राइवर व सहायकों का कहना है कि इस नई व्यवस्था को लेकर उन्होंने रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने आपत्ति दर्ज करा दी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है।

## इंदौर-पटना समेत आधा दर्जन ट्रेनें अगले कई दिन रहेंगी प्रभावित

**भोपाल।** भोपाल मंडल के स्टेशनों से होकर गुजरने वाली इंदौर-पटना साप्ताहिक एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें अगले एक सप्ताह तक प्रभावित रहेंगी। रेलवे ने लखनऊ मंडल में चल रहे विकास कार्यों के चलते यह निर्णय लिया है। **इन ट्रेनों का मार्ग बदला**

- ट्रेन 19321 इंदौर-पटना साप्ताहिक एक्सप्रेस 20 जनवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया लखनऊ-सुल्तानपुर-जाफराबाद होते हुए गंतव्य को जाएगी।
- ट्रेन 19322 पटना-इंदौर साप्ताहिक एक्सप्रेस 22 जनवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया जाफराबाद-सुल्तानपुर-लखनऊ होते हुए गंतव्य को जाएगी।
- ट्रेन 19053 सूरत-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस 19 को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया कानपुर-प्रयागराज-बनारस-वाराणसी-वाराणसी सिटी-बलिया होते हुए गंतव्य को जाएगी।
- ट्रेन 19054 मुजफ्फरपुर सूरत-एक्सप्रेस 21 को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया बलिया-वाराणसी सिटी-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज-कानपुर होते हुए गंतव्य को जाएगी।

**ये ट्रेनें होंगी शार्ट टर्मिनेट:** ट्रेन 22129 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस 14,16 एवं 21 जनवरी को सुल्तानपुर स्टेशन पर शोर्ट टर्मिनेट होगी एवं सुल्तानपुर- अयोध्या कैंट के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी तथा ट्रेन 22130 अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस 15,17 एवं 22 जनवरी को सुल्तानपुर स्टेशन से शोर्ट ओरिजिनेट होगी एवं अयोध्या कैंट-सुल्तानपुर के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी।

# बाल आयोग के निरीक्षण में मिला संदिग्ध आवासीय स्कूल, जांच शुरू

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के औचक निरीक्षण में राजधानी से करीब 30 किमी दूरी पर समरधा गांव के पास घने जंगलों में सीएफआई मॉडल स्कूल, अमोनी संचालित होता मिला है। आयोग की टीम को स्कूल में संदिग्ध गतिविधियों के साथ कई अनियमितताएं मिली हैं। जिसके बाद मामले में जांच शुरू हो गई है। दरअसल, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो, म.प्र. बाल आयोग के अध्यक्ष द्रविन्द्र मोरे सहित आयोग और प्रशासन टीम को यहां निरीक्षण के लिए पहुंची थी। म.प्र. बाल आयोग के अध्यक्ष द्रविन्द्र मोरे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया है कि संस्था में अधिकांश बच्चें हिन्दू धर्म से है एवं इन्हें ईसाई धर्म अनुसार प्रार्थना करवाई जाती है। संस्था से धार्मिक पुस्तकें भी प्राप्त हुई है, बच्चों ने बताया उन्हें स्कूल द्वारा बाईबल भी दी गई थी, निरीक्षण के समय हाल ही में जलाई गई धार्मिक पुस्तकें भी पाई गई। विद्यार्थियों का रिकॉर्ड प्रबंधन नहीं दिखा सका। पीएफआई आवासीय स्कूल में एमपी बोर्ड का पाठयक्रम प?ाया जा रहा है, लेकिन सीबीएसई पैटर्न का बोर्ड लगाया गया है। बताया जा रहा है कि करीब 100 एकड़ परिसर में यह स्कूल संचालित किया जा रहा है।

### घने जंगलों के बीच बनाया, धार्मिक पुस्तकें जली मिलीं, पाठ्यक्रम एमपीबोर्ड का, सीबीएसई का बोर्ड मिला

**बच्ची ने की शिकायत, पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज करने के निर्देश:** आयोग अध्यक्ष द्रविन्द्र मोरे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान छात्रों से चर्चा के समय एक बालिका से कुछ दिन पूर्व हुई घटना की जानकारी मिलने पर अधिकारियों को पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज करवाने के लिए निर्देशित दिए गए हैं। बाल आयोग की टीम ने विद्यार्थियों से बातचीत शुरू की तो डरी-सहमी छात्रा ने बताया कि स्कूल का एक कर्मचारी उसे लगातार परेशान कर रहा था, उसने हाथ पकड़कर पत्र देकर प्रलोभन दिया। शिकायत की तो प्रबंधन ने मुंह बंद करा दिया गया। मामले में आयोग ने सख्त कार्यवाही की बात कही है।







## गुलाब प्रदर्शनी

**भोपाल।** गुलाब हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करता है। शहर के गुलाब उद्यान में सैकड़ों किस्म के गुलाब लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बने हुए है। प्रदर्शनी में रायल फैमिली के गुलाबों के देखने के लिए लोग खासी रुचि दिखा रहे हैं। प्यार, मनुहार के लिए यहां 440 वैरायटी के गुलाब मौजूद हैं, जिसमें टाटा सैनिटेरियन, आबरा का डाबरा, ब्लैक लेडी, डेविन, फर्स्ट लव आदि किस्म के गुलाब मौजूद हैं।

### शिक्षा का अधिकार अधिनियम

## सत्र 2024-25 में निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश के लिए फरवरी से होंगे आवेदन

**भोपाल।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत सत्र 2024-25 में निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए फरवरी से आवेदन शुरू करने की तैयारी है। राज्य शिक्षा केंद्र ने सभी जिले परियोजना समन्वयकों को आदेश जारी कर स्कूलों से 25 प्रतिशत सीटें लॉक कर जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। स्कूलों को 15 जनवरी तक प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। निजी स्कूलों को आरटीई के तहत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश के लिए सीटें लॉक करनी है। साथ ही जितने निजी स्कूल अल्पसंख्यक के दायरे में आते हैं। उन्हें अल्पसंख्यक का प्रमाण पत्र भी जमा करना है। स्कूलों को कक्षावार अध्ययनरत बच्चों की प्रोफाइल भी दर्ज की जा रही है।

### विद्यार्थी एक साथ दो पाठ्यक्रम में ले सकेंगे प्रवेश

## मप्र भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**भोपाल।** यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन के डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो (डीईबी) से मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय को 34 पाठ्यक्रमों के संचालन की अनुमति मिल गई है। जिसके बाद विवि प्रबंधन ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। विद्यार्थी एम.पी.ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 15 फरवरी 2024 निर्धारित की गई है।

**इन पाठ्यक्रमों को अनुमति:** मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय को बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, सामान्य शिक्षा, विशेष शिक्षा, बीसीए, लाइब्रेरी और इनफार्मेशन साइंस में बैचलर डिग्री, जर्नलिज्म में बैचलर डिग्री के साथ-साथ नवीन पाठ्यक्रम साइबर सिक्योरिटी में बीएससी को संचालन की अनुमति मिली है। इसके साथ ही मास्टर डिग्री पाठ्यक्रमों में जंतु विज्ञान, अर्थशास्त्र, हिंदी, भौतिक, रसायन शास्त्र, गणित, वनस्पति विज्ञान, सूचना तकनीक, समाजशास्त्र, समाज कार्य, राजनीति शास्त्र, भूगोल, अंग्रेजी और पत्रकारिता के साथ-साथ साइबर सिक्योरिटी में मास्टर डिग्री पाठ्यक्रम की भी मान्यता मिली है। विवि को एमबीए और मैटेरियल मैनेजमेंट में एमबीए, साइबर सिक्योरिटी लॉजिस्टिक और सप्लाई चैन मैनेजमेंट, ऊर्जा प्रबंधन और इवेंट मैनेजमेंट में पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को भी संचालन की अनुमति प्रदान की है।

# देवानी ने जन्म दिन पर हनुमानजी को चोला चढ़ाया

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी के जन्मदिन पर मां दुर्गा मंदिर, कांजी हाउस, सैनिक कॉलोनी संतनगर में रुद्राभिषेक एवं हनुमानजी को चोला चढ़ाया। समिति के अर्चक पुरोहित राजकुमार गर्ग द्वारा वेद मंत्रों का उच्चारण कर रुद्राष्टम का पाठ एवं आरती की गयी। देवानी को जन्मदिन पर राम दरबार एवं भगवा रंग का गमछा पहनाकर, आतिशबाजी कर स्वागत कर बधाई दी। कांग्रेस नेता नरेश ज्ञानचंदानी ने समिति के कार्यो की प्रशंसा की गयी। बधाई देने वालों में कांग्रेस नेता नरेश ज्ञानचंदानी, पूज्य सिंधी पंचायत के महासचिव माधू चांदवानी, महेश खटवानी, पार्षद अशोक मारण, आनंद सबधाणी, नरेश वासवानी, बजरंग सेना समिति के अर्चक पुरोहित राज कुमार गर्ग, मुख्य सलाहाकार रुप कुमार सोनी, सलाहकार प्रभु मूलचंदानी उपाध्यक्ष राज बिजोरिया, महासचिव राजेश केवलानी, सचिव गुरदास रामचंदानी, वासुमल देवानी, मानव देवानी, बिहारीलाल सर्राफ आदि उपस्थित थे।



# कार्निवाल के प्लेटफार्म पर प्रतिभा, ऊर्जा का शोकेस

- आईपर पी.जी. कॉलेज ओवरऑल चैंपियनशिप बना
- वी.एन.एस एम.बी.ए. कॉलेज को रनर-अप ट्रॉफी मिली


हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

नौंवे एस. एच. आई. एम. 'कार्निवाल' में टैलेंट का इंद्रधनुषी रूप देखने को मिला। विभिन्न कॉलेज के स्टूडेंट्स को ट्रेड्र हंट के दौरान बोरवन में भाग कर संकेत ढूंढ कर खजाना खोजते देखना एक विचित्र अनुभव था। रंगोली में सांस्कृतिक विविधता का संदेश जब उकेरा गया।

ट्रेडिशनल वॉक में मंच पर रॉयल वॉक थीम पर आधारित प्रस्तुति देना हो या ऐड-मैड शो में क्रिएटिविटी के द्वारा विज्ञापन बनाना हो, सभी का अनुभव बेहतर था। अविस्मरणीय था। एक तरफ जहाँ पेपर ड्रेस में विभिन्न अलग-अलग परिधानों को आकार दिया जा रहा था, वहीँ पर मेहंदी एवं टैटू प्रतियोगिता में एकाग्रता देखने को मिला। टैलेंट हंट में गायन, कविता एवं अन्य कई हुनर का प्रदर्शन हो रहा था, वहीँ पर मैनेजमेंट क्विज में रैपिड फायर राउंड में सभी टीम के चेहरे पर बेचैनी की झलक थी। अपने इनोवेटिव आइडिया को रूप देते नजर आए।प्रतिभागियों का उत्साह बिजनेस प्लान में देखते ही बनता था।

कार्निवाल में भोपाल एवं अन्य शहरों के कॉलेज से आये छात्रों ने 13 से ज्यादा इवेंट्स में भाग लिया। कार्निवाल का विशेष आकर्षण क्रिषानु घोष का बैंड परफॉर्मेंस था। जिसने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया।

संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी एवं डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने कार्निवल के सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को एक लाख से अधिक के पुरस्कार प्रदान किए। सबसे अधिक प्रतियोगिताओं में पुरस्कार आईपर पी.जी. कॉलेज को ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी एवं वी.एन.एस एम.बी.ए. कॉलेज को रनर-अप ट्रॉफी मिली।



मेट्रो एंकर

### शोभायात्रा में सभी का सहयोग होगा : लाल साईं

# बहुत भव्य होगी रामलला की शोभायात्रा : रामेश्वर

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन संतनगर राम उत्सव मनाएगा। संत-महात्माओं की अगुवाई में सभी संस्थाओं और समाजों के राम भक्त शोभा यात्रा निकालेंगे। शोभा यात्रा को लेकर शनिवार को बड़ी बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि शोभा यात्रा जैन मंदिर बस स्टैंड से प्रारंभ होकर कालका चौराहे से घूम कर संत हिरदाराजी की कुटिया पर समाप्त होगी। बैठक में विधायक रामेश्वर शर्मा एवं वेदांत ज्ञानी लाल साईजी ने सभी से शामिल होने का आव्हान किया। शर्मा ने कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष के पश्चात इस देश को एतिहासिक उत्सव का मौका मिला है। आज हम अपने आंखों के सामने अयोध्या में भाव राम मंदिर बनते हुए देख रहे हैं। संतनगर में घर-घर दीपक चलाएं आतिशबाजी करें। सैकड़ों महिलाएं कलश लेकर चलेंगे आतिशबाजी होगी। वापस कुटिया पर पहुंचकर हजारों की संख्या में दीप जलाए जाएंगे।



**इनने भी विचार रखे:** इस अवसर पर अपने विचार रखने वाले नगर निगम के एमआईसी मेंबर राजेश हिंगोरानी, वस्त्र व्यवसाय संघ के अध्यक्ष कन्हैया इसरानी, पार्षद अशोक मारण, संत हिरदाराम कॉलेज के प्रमुख हीरो ज्ञानचंदानी, विष्णु गेहानी, राम बंसल, बसंत चेलानी, मे मानिस मैथ्यू, दिनेश वाधवानी, रमेश जानयानी, महेश आहूजा आदि शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए अपने-अपने विचार रखे।

**भव्य बनाएं शोभा यात्रा:** वेदांत संत लाल साईं ने आव्हान किया कि सभी लोग अपने सब काम छोड़कर के इस शोभायात्रा को अधिक से अधिक प्रभावी और भव्य बनाने में सहयोग करें। पूज्य पंचायत के अध्यक्ष रीझूमल रीझवानी ने भी सभी से इस शोभायात्रा को यादगार बनाने के लिए सहयोग करने की अपील की।

### यह रहे मौजूद

इस बैठक में आयोजन समिति के मोहन लालवानी, दिनेश वाधवानी, कन्हैया इसरानी, राजेश बेलानी विनय ददलानी, पं.जय कुमार शर्मा, राकेश हरपालनी, महेश आहूजा, भरत आसवानी कमल प्रेमचंदानी और चंदू इसरानी, राहुल राजपूत, महेश खटवानी भारती मूलचंदानी, राजेश लखवानी आदि लगभग 150 की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। कमल प्रेमचंदानी द्वारा पूरी शोभायात्रा की रूपरेखा रखी। आभार राजेश बेलानी ने किया।

# खाती समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान



**हिरदाराम नगर।** खाती चंद्रवंशी क्षत्रीय समाज भोपाल ने शनिवार को हलालपुर स्थित स्वागत गार्डन में समाज की प्रतिभाओं के सम्मान के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें समाज के कक्षा 8वीं, कक्षा 10वीं व 12वीं के उन बच्चों को जिन्होंने वर्ष 2022-23 में 80 प्रतिशत से अधिक अंक पाए हैं। अन्य कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए गए। बच्चों को मेडल व प्रमाण पत्र दिए गए।

कार्यक्रम से पहले समाज के मंत्री एवं विधायकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री करण सिंह वर्मा, हाट पिपलिया विधायक मनोज चैधरी, कालापीपल विधायक घनश्याम चन्द्रवंशी को भी शाल उठाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, समाज के अध्यक्ष रमेश वर्मा, राधेश्याम बागवाला, चंदन सिंह बा साहब, लीलाधर बा साहब, रमेश पटेल और मनोज वर्मा सहित समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# कैसे होंगे सरकारी स्कूल डिजिटल, विभाग पोर्टल तक नहीं कर पा रहा अपडेट

## एजुकेशन पोर्टल पर अब भी परमार स्कूल शिक्षा मंत्री, नए मंत्री का नाम ही नहीं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सरकारी स्कूलों को डिजिटल करने का दावा करने वाला स्कूल शिक्षा विभाग अपना एजुकेशन पोर्टल तक अपडेट नहीं कर पा रहा है। हालात यह हैं कि स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह को विभाग मिले करीब आधा महीना बीत चुका है। एक जनवरी को उन्होने पदभार भी ग्रहण कर लिया था, लेकिन इतने समय के बाद भी स्कूल शिक्षा विभाग एजुकेशन पोर्टल पर उनकी जानकारी अपलोड नहीं कर सका है। विभाग के एजुकेशन पोर्टल पर अभी भी स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार बताए जा रहे हैं, जबकि वर्तमान में वह उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री हैं।

### अभिभावक-शिक्षक होते हैं परेशान, अधिकारी व्हाटसएप के भरोसे

विभागीय जानकारों के अनुसार, स्कूल शिक्षा विभाग की जानकारी, आदेशों के आदान-प्रदान और पारदर्शी व्यवस्था के लिए एजुकेशन पोर्टल तैयार किया गया था, लेकिन यह उददेश्य पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। अधिकतर विभागीय अधिकारी व्हाटसएप के भरोसे काम कर रहे हैं और आदेश भी उसी पर भेजे जा रहे हैं। ऐसे में एजुकेशन पोर्टल पर शिक्षकों, अभिभावकों की सुविधा के लिहाज से जो जरूरी आदेश तत्काल अपलोड होना चाहिए वह नहीं हो रहे हैं, जो आदेश अपलोड होते हैं वह भी आधे-अधूरे होते हैं। ऐसे में अभिभावक-शिक्षक परेशान होते रहते हैं। कई बार पोर्टल पर ठप्प ही हो जाता है, जिसे सुधरने मे कई दिन लगते हैं।

### पोर्टल नहीं अपडेट, अधूरे आदेश होते हैं अपलोड

उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा विभाग के एजुकेशन पोर्टल के अपडेट नहीं होने और आदेश अपलोड नहीं होने का मुददा पहले भी कई बार उठ चुका है, लेकिन विभागीय अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कुछ विभागीय जानकारों ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि इस पोर्टल को संचालित करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने बड़ी टीम तैनात कर रखी है। इस पर बकायदा खर्च भी बहुत होता है, लेकिन काम के मामले में यह फिसडडी साबित हो रहा है। स्थिति यह है कि पोर्टल पर न तो समय पर आदेश अपलोड होते हैं और न ही अन्य जानकारी उपलब्ध हो पा रही है। यहां तक कि जरूरी आदेश भी इस पर अपलोड नजर नहीं आते हैं।

### कैलाश को कमल वाला बंगला, सबनानी को पटेल का

# मंत्रियों को सरकारी मुकाम दिलाने की जद्दोजहद, महकमा परेशान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र की मोहन कैबिनेट के सदस्यों को सरकारी मकान व मुकाम मिलने शुरू हो गये हैं। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पूर्व मंत्री कमल पटेल वाला चार इमली का बी टाइप आवास चुना है। वहीं डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला चार इमली के बी 9 में जाने वाले हैं, पिछले कार्यकाल में भी वे इसी बंगले में रहे थे। वहीं भोपाल दक्षिण के विधायक भगवानदास सबनानी को पैंतालीस बंगला क्षेत्र में वही आवास आवंटित किया गया है,जो अब तक भाजपा विधायक जालम सिंह पटेल के पास था। बताया जाता है कि इस बंगले में पटेल के पिता की 'स्मृतिया' हैं लिहाजा वे चाहते थे कि यह आवास किसी ऐसे विधायक को मिले, जो लहसुन प्याज आदि से भी दूर रहता हो।



हालांकि कई मंत्री व विधायक अभी आवास की जद्दोजहद में हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव भी सीएम हाउस में मकर संक्रांति के बाद शिफ्ट होंगे। यह आवास शिवराज सिह चौहान ने बीते सप्ताह खाली कर दिया है। उधर पूर्व विस अध्यक्ष गिरीश गौतम भी 74 बंगला क्षेत्र का सरकारी आवास बहुत पहले ही खाली कर चुके हैं। वे अब भाजपा के विधायक मात्र हैं। इधर चुनाव हार चुके कांग्रेस व भाजपा नेताओं के मौजूदा बंगलों पर भी फैसला होना बाकी है। पूर्व विस अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद प्रजापति चुनाव हार चुके हैं, हालांकि विस अध्यक्ष पद के बाद वे सामान्य विधायक के तौर पर भी चार इमली आवास में रह रहे थे। अब वे हार भी चुके हैं। इसी क्षेत्र में भाजपा नेता व पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा भी बी टाइप आवास में रह रहे हैं। इधर गृह विभाग मंत्रियों व अन्य माननीयों को आवास दिलाने के लिये परेशान हैं क्योंकि कई अपनी पसंद से मकान चाहते है।

उल्लेखनीय है कि मंत्रियों को शपथ के बाद विभाग बंटवारा भी हो चुका है। मगर सभी को अभी तक सरकारी बंगला नहीं मिल सका। 12 पूर्व मंत्री चुनाव हारने के बावजूद भी अभी तक बंगला खाली नहीं कर पाये हैं। 10 पूर्व मंत्री जो वर्तमान में विधायक हैं और उन्हें कैबिनेट में शामिल नहीं किया गया है। नियमानुसार उन्हें विधायक पूल का बंगला आवंटित होना चाहिए, लेकिन कई अभी मंत्रियों वाले बंगले में हैं। इसके चलते करीब 22 मंत्री यहां-वहां रहने को मजबूर हैं। कैलाश विजयवर्गीय पूर्व विधायक बेटे के बंगले में हैं तो प्रहलाद पटेल अपने पूर्व विधायक भाई के आवास में हैं। कोई गेस्ट हाउस और कोई विधायक विश्रामगृह में रह रहा है।

### गायब बंगला बना मामा का घर, अजब आरोप

वहीं राजधानी के 74 बंगला इलाके में बंगला नंबर बी-9 गायब होने की बाद कांग्रेस चुटकियां लेकर कर रही है। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने आरोप लगाए हैं कि सबसे सुरक्षित एरिया में से एक बंगला चोरी हो गया है। उन्होंने पूर्व सीएम शिवराज पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है। दरअसल बंगला नंबर आठ में शिवराज बतौर पूर्व सीएम रह रहे हैं। मगर पड़ोस का बंगला नं 9 भी उन्हीं के बंगले में 'मर्ज' कर दिया गया है। पहले यह नंदकुमार सिंह चौहान को अलॉट था। उनकी मृत्यु के बाद बंगले को सड़क की तरफ से ऊंची टीन से कवर करके भारी पैमाने पर निर्माण कराया गया। इसे शिवराज के बी 8 में मिलाकर पूरा परिसर बना दिया गया। आरोप है कि इसे जर्जर घोषित कर रिनोवेशन के बहाने दोनों को मर्ज किया गया। अब इस पर 'मामा का घर' की तख्ती लगी है।


### कांग्रेस बोली- जो हारे उन्हें बाहर निकालें

इस मामले में कांग्रेस सरकार पर हमलावर है। प्रवक्ता जितेंद्र मिश्रा का कहना है कि एमपी सरकार, केंद्र द्वारा चलाई जा रही है, मंत्रियों की सीएम नहीं सुन रहे हैं, जो मंत्री चुनाव हार चुके हैं, उनको बाहर निकाल कर नए मंत्रियों को बंगले देना चाहिए। दरअसल कांग्रेस को इस बात की भी तकलीफ है कि जब कमलनाथ सरकार का तीन साल पहले पतन हुआ तो तत्कालीन निवर्तमान मंत्रियों से मकान खाली कराने में भाजपा ने काफी जल्दबाजी की थी।

# स्कूली शिक्षा: बीच सत्र में अतिथियों को हटाने के निर्देश, रोजी रोटी का संकट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेशभर के जिला शिक्षा अधिकारियों ने जहां पर शिक्षकों की पदस्थापना हो गई है, वहां से अतिथि शिक्षकों को बाहर करने के निर्देश जारी किए हैं। जिला शिक्षा अधिकारियों के आदेश के अनुसार, लोक शिक्षण संचालनालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अतिथि शिक्षकों को स्कूल और पोर्टल से हटाने का निर्देश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि नये शिक्षकों के आने पर उनके विषय के अतिथि शिक्षकों को कार्यमुक्त जाएगा। जिससे कई अतिथि शिक्षक चिंतित हैं।



**यह है पूरा मामला:** दरअसल, प्रदेश के स्कूलों में जिन विषयों पर अतिथि शिक्षक पड़ा रहे थे। उन विषयों पर नए शिक्षक नियुक्त हो गए हैं इसलिए अतिथि शिक्षकों को हटाया जा रहा है। इसके चलते अतिथि शिक्षकों के समक्ष रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है, लेकिन समायोजन न करके निर्देश दिए गए हैं कि इनको हटा दिया जाए।

# आईटीआई में जल्द शुरू होने वाला है ड्रोन टेक्नीशियन कोर्स



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गोविंदपुरा में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में ड्रोन टेक्नीशियन की पढ़ाई शुरू की जाएगी। छह महीने के इस कोर्स में 50 सीटें निर्धारित की गई। संस्थान में पहली बार ड्रोन टेक्नीशियन की पढ़ाई शुरू की जा रही है। इस कोर्स की पढ़ाई को लेकर विशेष कोर्स और प्रशिक्षण का खाका तैयार कर लिया गया है। इसमें रिमोटली पाइलेटेड एयर क्राफ्ट (आरपीए), ड्रोन तकनीशियन, शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीसी), ड्रोन पायलट व ट्रेड में कोर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल है। नए जमाने के रोजगार से युवा जुड़े इसको लेकर यह कोर्स शुरू किया जा रहा है। इसके अलावा स्मार्ट सिटी को लेकर भी कुछ कोर्स शुरू किए जाएंगे। आने वाले समय में इन कोर्स में रोजगार की संभावना काफी अधिक है। अभी तक आईटीआई जैसे संस्थानों में ड्रोन को लेकर कोई कोर्स व पढ़ाई नहीं होती थी। मगर, अब स्टूडेंट्स ड्रोन कोर्स में दाखिला लेकर नए जमाने के रोजगार से जुड़ सकेंगे।

## 'मैं नहीं हम' का सूत्र



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।** मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पार्टी के विधानसभा क्षेत्र प्रभारियों की बैठक ली और कहा कि निकट भविष्य में लोकसभा चुनाव में हम सभी को 'मैं नहीं हम' की भावना से मैदान में उतरना है। हर प्रभारी अपने क्षेत्र में पूरी ताकत के साथ संगठन की मजबूती के लिए संगठन में सामंजस्य बनाकर कार्य करे।

## सीयूइटी में पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए आवेदन 24 तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सीयूईटी पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 24 जनवरी है। करेक्शन विंडो 27 जनवरी को ओपन होगी। इस साल भी प्रदेश के प्राइवेट विश्वविद्यालय सीयूईटी में शामिल नहीं होंगे। प्राइवेट विवि ने अलग से अपना एंट्रेंस टेस्ट कराने का निर्णय लिया है। सीयूईटी नेशनल लेवल का टेस्ट है। इस कारण सीटें खाली रह सकती हैं। सीयूईटी पीजी परीक्षा 2024 के लिए एडवांस सिटी इंटिमेशन स्लिप 4 मार्च 2024 को जारी की जाएगी। वहीं एडमिट कार्ड 7 मार्च 2024 को जारी किए जाएंगे। परीक्षा का आयोजन 11 से 28 मार्च 2024 के बीच होगा और आंसर-की 4 अप्रेल 2024 को रिलीज होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मकर संक्रांति, लोहड़ी, पोंगल, भोगली बिहू और पौष पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने लोगों की सुख-समृद्धि की कामना की है।

**मेट्रो एंकर** | इस साल होंगे यूजी फोर्थ ईयर में प्रवेश

# पीएचडी करने ऑनर्स विद रिसर्च डिग्री जरूरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शिक्षा जगत में यह पहला मौका होगा जब पारंपरिक कोर्स के लिए यूजी चार साल की होगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की गाइडलाइन के अनुसार चार वर्षीय स्नातक डिग्री वाले उम्मीदवार सीधे पीएचडी कर सकते हैं और उन्हें मास्टर डिग्री की आवश्यकता नहीं होगी। यूजीसी का सर्कुलर जारी होने के बाद विद्यार्थी इस निर्णय से काफी खुश हैं, लेकिन उनमें असमंजस की स्थिति भी है। राष्टीय शिक्षा नीति ( एनईपी ) के तहत सत्र 2024-25 में यूजी फोर्थ ईयर में एडमिशन होंगे। जो छात्र इस साल थर्ड ईयर में है वे फोर्थ ईयर में प्रवेश ले सकते हैं। थर्ड ईयर के छात्र कक्षाओं में भी यह सवाल कर रहे हैं कि क्या फोर्थ ईयर में प्रवेश लेना जरूरी होगा। कहीं चौथे ईयर में एडमिशन नहीं लिया तो डिग्री अधूरी तो नहीं मनी जाएंगी। छात्रों की इन्हें सवालों के जवाब के लिए हमने जानी एक्सपर्ट की राय।



बता दें जारी करिकुलम में अगर कोई छात्र रिसर्च स्पेशलाइजेशन करना चाहते हैं तो उन्हें अपने चार साल के कोर्स में एक रिसर्च प्रोजेक्ट शुरू करना होगा। इससे उन्हें रिसर्च स्पेशलाइजेशन के साथ ऑनर्स की डिग्री मिलेगी। फिलहाल छात्रों को तीन साल के यूजी कोर्स को पूरा करने के बाद ऑनर्स डिग्री मिलती है। जानकारी के अनुसार ऐसे छात्र जो रिसर्च फील्ड या प्रोफेसर बनाना चाहते हैं उन्हें चौथे ईयर में प्रवेश लेना लाभदायक होगा। इससे उन्हें सीधे पीएचडी करने की सुविधा मिलेगी। उन्हें पीजी नहीं करना होगी। लेकिन यदि कोई छात्र अन्य प्रोफेशन में जाना चाहता है तो तीन साल की स्नातक डिग्री ही काफी है। वह दो साल पीजी या अन्य कोई कोर्स कर सकता है।

### 12 क्रेडिट का प्रोजेक्ट वर्क भी करना होगा

यूजीसी के अनुसार जो छात्र तीन साल में ग्रेजुएशन करना चाहते हैं, उन्हें 120 क्रेडिट प्राप्त करने होंगे। जबकि 4 साल यूजी कोर्स ऑनर्स की डिग्री के लिए चार साल में 160 क्रेडिट हासिल करना होंगे। चार साल के यूजी कोर्स के लिए ऑनर्स विद रिसर्च की डिग्री जरूरी होगी। ग्रेजुएशन डिग्री के साथ उन्हें 12 क्रेडिट का प्रोजेक्ट वर्क भी करना होगा।

बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो
अपने कारोबार-उत्पाद को आगे बढ़ाएं दोपहर मेट्रो के साथ



विज्ञापनों के लिए संपर्क करें
प्रधान कार्यालय 182 - ए शाहपुरा (मनीषा मार्केट के पास) भोपाल
फोन नं.- 0755-4917524, 0755-2972022

# खास वजहें हैं हेलसिंकी के सबसे खुश शहर होने की

■ अमिताभ स.

लगातार बीते 6 सालों से फिनलैंड को दुनिया के सबसे खुश देश और इसकी राजधानी हेलसिंकी को सबसे खुश शहर का दर्जा हासिल है। यूरोप के हसीन देश फिनलैंड की राजधानी हेलसिंकी की आबादी महज 6 लाख है। शायद इसीलिए यहां दुनिया के सबसे हैपी लोग रहते हैं। दिल्ली से हेलसिंकी के लिए फिनएयर की उड़ान में बैठते ही स्ट्राबेरी पेश की जाती है। तभी लगने लगता है कि दुनिया के सबसे हैपी देश फिनलैंड की राजधानी में जा रहे हैं।यूं भी, हेलसिंकी का मौसमी मिज़ाज़ इस कदर हसीन है कि साल के लगातार 51 दिन सूरज नहीं निकलता, 121 दिन मूसलाधार बारिश नहीं थमती और 101 दिन बर्फ ही बर्फ पड़ती है। लेकिन फिक्र किसे है, मस्तमौला शहर अपनी ही धुन में है। एक खास बात और है कि अप्रैल से अगस्त के बीच हेलसिंकी में अंधेरे के बिना रातें होती हैं। इन्हें 'व्हाइट नाइट्स' भी कहते हैं। क्योंकि सूरज रात 11 बजे बमुश्किल ढलता है और तड़के 3-साढ़े 3 बजे उदय हो जाता है। बीच के 3-4 घंटे भी घुप्प अंधेरा नहीं होता। इससे उलट जनवरी से मार्च के दौरान सूरज के दर्शन ही दुर्लभ हो जाते हैं, दोपहर 12-1 बजे कहीं सूरज निकलता है और दो-ढाई घंटे के बाद अस्त हो जाता है-फिर अंधेरा ही अंधेरा। सितम्बर से दिसम्बर के बीच बारिशें होती हैं और बर्फ पड़ती है।

हेलसिंकी की सैर का बेस्ट जरिया है हॉप ऑन हॉप ऑफ बस टूर। एक दिन, दो दिन या तीन दिन का पास लीजिए और निकलिए शहर के चप्पे-चप्पे की असीमित सैर पर। सबसे पहले पहुंचते हैं हेलसिंकी कैथेड्रल में। इसे सेंट निकोलस चर्च भी कहते हैं। यह हेलसिंकी का लैंडमार्क है और यहीं सबसे ज्यादा फोटोशूट होते हैं। सामने लम्बा-चौड़ा सेनेट स्क्वेयर है, जहां बेंच पर बैठ कर सुस्ता सकते हैं। स्क्वेयर के बीचोंबीच टसार अलेग्जेंडर की प्रतिमा लगी है। इनके दौर में ही, फिनिश भाषा और फिनिश मार्क करेंसी का श्रीगणेश हुआ था। आगे सेबिलियूस मॉन्यूमेंट पार्क में आधा-एक घंटे पैदल टहलिए। डिजाइन म्यूजियम में झांकना दिलचस्प है। यहां नोकिया मोबाइल के शुरुआती मॉडल देखने का मौका मिलता है। बात दें कि किसी जमाने में दुनिया का नंबर वन मोबाइल निर्माता नोकिया और कोने लिफ्ट निर्माता फिनलैंड के ही हैं। यूपेनसिकी समूचे यूरोप की सबसे बड़ी ऑर्थोडॉक्स चर्च है। हेलसिंकी समेत समूचे फिनलैंड में सोना बाथ केन्द्रों की भरमार है। 60 लाख आबादी वाले देश में 20 लाख से ज्यादा सोना बॉथ सेंटर हैं। दुनिया के बेस्ट सोना बाथ का खजाना यहीं है। सोना बाथ के अंतर्गत स्टीम रूम में नग्न बैठते हैं, फिर नहाते हैं। डिम रोशनी होती है और रिलेक्स करते हैं। सोशल मीटिंग्स के लिए भी यह बेस्ट जगह मानी जाती है। कई ऑफिशल मीटिंग्स भी यहां होती हैं। हनीमून जोड़ों के लिए नायाब अनुभव है।



## बैरी खाने के शौकीन

छोटे से हेलसिंकी में 29 खूबसूरत बीच हैं। जून, जुलाई और अगस्त में रौनकें शबाब पर रहती हैं। यहां-वहां 900 से ज्यादा रेस्टोरेंट और कैफे हैं। खाने-पीने वाले गली या फुटपाथ पर लगे टेबल-कुर्सियों पर बैठ कर फूड-ड्रिंक्स का लुत्फ लेते हैं। आइसक्रीम और हॉट कॉफी के स्टॉल सबसे ज्यादा हैं। यूं भी, फिनिश लोग आइसक्रीम खाने और कॉफी पीने के खासे शौकीन माने जाते हैं। साल 1922 में, हेलसिंकी में फिनलैंड की पहली आइसक्रीम फैक्टरी लगी थी। ज्यादातर लोग स्ट्राबेरी, ब्लूबैरी, चैरी वगैरह तमाम वैरायटीज की बैरी चाव से खाते हैं। जगह-जगह चैरी, बैरी वगैरह के स्टॉल लगे मिलते हैं। नॉन-वेजेटेरियन रेंडियर का गोश्त खाना पसन्द करते हैं।नलों का पानी पीने लायक है, नल के पानी को फिल्टर करने की वहां जरूरत नहीं है। हालांकि वहां लोग स्टिल और स्पार्कलिंग दोनों तरह का पानी पीते हैं। स्टिल पानी तो सादा है, लेकिन स्पार्कलिंग में सोडा वॉटर की भांति हल्के बुलबुले उड़ते हैं। लोग सुबह की शुरुआत ब्लैक कॉफी से करते हैं। हेलसिंकी का दिल है एस्प्लेनेड पार्क। बीचोंबीच रूने बैरी की प्रतिमा लगी है। बता दें कि रूने बैरी ने फिनलैंड का राष्ट्रीय गीत 'आर लैंडज' लिखा था। लोगबाग यहां लंच टाइम में पिकनिक मनाते हैं। यहां-वहां आइसक्रीम वाले खड़े रहते हैं, आते-जाते लोग आइसक्रीम का मजा लेते हैं। हरे-भरे माहौल में, सफेद राजहंस उड़-उड़ कर माहौल को और भी हसीन बना देते हैं। यही स्वेन फिनलैंड का राष्ट्रीय पक्षी है। नजदीक ही फ्लाइंग सिनेमा है। यहां जॉइंट व्हील है, जिस पर बैठ कर, ऊंचाई से हेलसिंकी के नजारे देखने का मौका मिलता है। - साभार



## कैसे बनता है कोई हैपी देश

हर साल 20 मार्च को हैपी देशों और शहरों का ऐलान होता है। लगातार छठी दफा फिनलैंड और इसकी राजधानी हेलसिंकी दुनिया का सबसे खुश देश और शहर बन चुके हैं। उल्लेखनीय है कि हैपीनेस रैंकिंग इंडेक्स वैल्यू पर निर्धारित होती है। यह प्रति व्यक्ति आय, स्वस्थ जीवन स्तर, सामाजिक सुरक्षा, चुनने की आज़ादी, उदारता और भ्रष्टाचार की धारणा पर निर्भर करता है। हैपी देशों का चयन हर साल 20 मार्च को इंटरनेशनल डे ऑफ हैपीनेस पर किया जाता है। मौजूदा हालात में खुश रह पाना सचमुच सबसे जटिल होता जा रहा है।

### छोटी-मोटी बातें

दिल्ली से हेलसिंकी का हवाई दूरी करीब 5,250 किलोमीटर है। सीधी उड़ान से दिल्ली टु हेलसिंकी पहुंचने में करीब पौने 7 घंटे लगते हैं। समय के लिहाज से हेलसिंकी ढाई घंटे पीछे है। उत्तरी यूरोप का देश है फिनलैंड और फिनलैंड की राजधानी है हेलसिंकी। फिनलैंड का क्षेत्रफल करीब 3,90,900 वर्ग किलोमीटर है और 1,88,000 से ज्यादा झीलें हैं। करीब 75 फीसदी इलाका जंगलों से घिरा है। इसी से, फिनलैंड की खूबसूरती और आबोहवा का अंदाजा लग जाता है। कागज़, गत्ता और टिम्बर का खूब उत्पादन होता है। करेंसी यूरो है। 88 फीसदी से ज्यादा लोग फिनिश बोलते, पढ़ते और लिखते हैं। सभी अंग्रेजी भी बोलते-समझते हैं। फिनलैंड में 200 सदस्यों की पार्लियामेंट है। आम चुनाव हर 4 साल बाद होते हैं। राष्ट्रपति का कार्यकाल 6 साल होता है।

## पुराना भी, नया भी

हेलसिंकी पुराना शहर है। तमाम इमारतों का पुराना स्वरूप आज भी कायम है और लुभाता है। हेलसिंकी की खोज 1550 में हुई और तब करीब 2000 लोगों को बसाया गया। यह 1812 में फिनलैंड की राजधानी बना। हेलसिंकी में बाकायदा पोर्ट है, बड़े-बड़े समुद्री जहाज़ लंगर डालते हैं। हेलसिंकी पुलों से कई टापुओं को जोड़-जोड़ कर बना है। आरके पेलगो बीच बेस्ट है।

हेलसिंकी में घूमने-फिरने के लिए ट्राम है, मेट्रो है और बसें भी हैं। सेंट्रल रेलवे स्टेशन शहर के बीच में है। टैक्सी हैं, लेकिन इनका सफर महंगा पड़ता है। शहर में फैले 140 स्टैंडों से घूमने को लिए उधार में साइकिलें भी मिलती हैं। फुटपॉथ आधे-आधे हिस्से में बंटी है- आधा पैदल और आधा साइकिल वालों के लिए, हर उम्र के लोग बढ़-चढ़कर साइकिल दौड़ाते हैं। भारत से उलट वहां राइट हैंड ड्राइव है- यानी वाहन सड़क के दाईं तरफ चलते हैं। ट्रैफिक पुलिस कहीं नज़र नहीं आता। फिर भी, ट्रैफ़िक सिग्नलों की भरमार है। सड़कों पर पैदल चलने वालों का राज़ है। बुजुर्ग भी दो-दो लाठियां लिए दौड़े फिरते हैं। कारें, बसें और ट्राम तक पैदल सड़क पार करने वालों की कद्र करते हैं और उन्हें पहले जाने देते हैं। पैदल चलने वालों की इतनी कद्र है कि जेब्रा क्रॉसिंग पर सड़क पार करते देख ट्राम तक ब्रेक लगा देती है।

# दर्शकों को भरोसा दिलाने वाली विशुद्ध कला जादू

ललित कलाओं में कभी जगह न बना सकने वाले जादू की कला अब पूरी दुनिया में बेशक ढलान पर है, लेकिन स्पेन को जादू की दुनिया की राजधानी बनाने वाले इस युग के महानतम जादूगर 81 साल के जुआन तमारिज के दिमाग में झांककर देखें, तो पता चलता है कि जादू को जादू बनाकर पेश करना और दर्शकों को यह भरोसा दिला देना कि चमत्कार संभव हैं, वाकई एक विशुद्ध कला है।

■ शुजा हैदर

दुनिया के मशहूर जादूगर जुआन तमारिज, भले 81 वर्ष के हो चुके हों, मैड्रिड में उनके साथ डिनर के लिए बाहर जाना, ऐसा है मानो आप असल जिंदगी में किसी कार्टून चरित्र के साथ घूम रहे हों। तमारिज 52 वर्षों से एक पेशेवर जादूगर हैं और उनके अपने देश और बाकी दुनिया में भी उन्हें जादू की दुनिया का बेताज बादशाह माना जाता है। डेविड ब्लेन जैसे जादूगरों की वर्तमान पीढ़ी समेत दुनिया भर के जादूगर उन्हें 'उस्ताद' कहते हैं। स्पेन में तो उन्हें वाकई आइकन का दर्जा मिला हुआ है। धूम्रपान कर रहे कुछ युवाओं का समूह उन्हें देखते ही फुसफुसाया, 'तमारिज?' उन्हें अपनी आंखों पर भरोसा नहीं हो रहा था। एक दूसरी लड़की उन्हें इतनी खुशी से मुड़-मुड़कर देख रही थी, जो मुझे तो अपनी निजता के उल्लंघन जैसा लग रहा था। लेकिन तमारिज इसके आदी हो चुके हैं। जब वह किसी रेस्तरां में जाते हैं, तो ज्यादातर लोग उनसे वही घिसा-पिटा मजाक करते हैं, 'मेरी पत्नी को गायब कर दो', लेकिन तमारिज हर बार इस पर ऐसी प्रतिक्रिया देते हैं, मानो वह पहली बार यह मजाक सुन रहे हों। मैंने हाल ही में एक होटल में तमारिज का एक शो देखा, जिसमें चालीस के करीब दर्शक थे। उन्होंने ताश की गड्डी निकाली और दर्शकों में से चार लोगों को बुलाया। उनमें से एक ने गड्डी फेंटी, दूसरे ने काटी और फिर चारों ने एक-एक पत्ता ले लिया। तमारिज ने बगैर पत्तों को हाथ लगाए, चारों के पत्ते बता दिए। जब उन्होंने ऐसा किया, तो दर्शकों के चेहरे के भाव ऐसे थे, जिसे बयां नहीं किया जा सकता। मानो उन्होंने कोई चमत्कार होते देख लिया हो।

अमेरिका में 20वीं सदी के उत्तरार्ध में जादू की दुनिया के सबसे महान कलाकारों में डॉग हैनिंग, डेविड कॉपरफील्ड, सिग्फ्रायड व रॉय थे। ये सही मायनों में वे जादूगर थे, जो किसी की पत्नी को वाकई गायब कर सकते थे। लेकिन तमारिज कुछ अलग हैं। चकाचौंध वाली लाइटों या उपकरणों पर निर्भर रहने के बजाय वह दर्शकों के ध्यान के साथ खेलते हैं। उन्होंने जादू की दुनिया को 'क्लोज-अप' नामक शैली से परिचित कराया, जिसमें सामान्य वस्तुओं के साथ जादू किया जाता है। स्पेनिश टेलीविजन पर लगातार बीस साल तक जादू दिखाने के बाद वह लगभग सेवानिवृत्त हो चुके हैं। लेकिन जब वह अमेरिका पहुंचे, तो वहां उन्हें विश्व के महानतम जादूगर के रूप में ख्याति मिली। आदर्श जादूगर की पोशाक पहने वाली छवि के विपरीत वह सामान्य कपड़ों में बस कुर्सी पर बैठ जाते हैं और फिर उनकी ताश की गड्डी ही सारे कमाल दिखाती है। उनके हाथों की तेजी और आवाज में आने वाले उतार-चढ़ाव लोगों को रोमांचित कर देते हैं। कभी डेविड ब्लेन के सलाहकार रहे जादूगर एएसआई विंड कहते हैं, 'मुझे लगता है कि जुआन की प्रतिभा को देखने के लिए आपको खुद प्रयास करना होगा। यह भोजन की तरह है। आप उसे ब्रॉशर या वीडियो में देख सकते हैं, लेकिन यह है क्या, यह समझने के लिए आपको उसका स्वाद लेना पड़ेगा।' स्पेन के लोगों में उनकी प्रसिद्धि की वजह उनका टेलीविजन शो था। लेकिन जादूगरों में भी वह खासे मशहूर उन निजी प्रदर्शनों के लिए थे, जो वह अपने होटल की लॉबी में आधी रात को करते थे। वह समां बांध देते थे। मैं खुद भी जादूगर रहा हूं। जब मैं तेरह साल का था, तब तमारिज के साथ एक शाम बिताने के बाद मैंने अपने अपार्टमेंट में उनसे कुछ दिखाने के लिए कहा, जिसके लिए उन्होंने मना कर दिया। उनका कहना था कि जादू कभी एक आदमी के सामने नहीं दिखाया जाता। लोग होने चाहिए, जिनके साथ संवाद किया जा सके। उन्होंने मुझे बताया कि जादू दरअसल, हाथ की सफाई है, जिसमें आप यह तय करते हैं कि दर्शक क्या देखें, और क्या न देखें। तमारिज का जादू देखने का मुझे फिर एक मौका जल्द ही मिला। हम सभी के हाथ में ताश की गड्डी थी। तमारिज ने अपना खेल शुरू कर दिया था। मैं उनकी आवाज को रिकॉर्ड करना चाहता था। लेकिन तमारिज माहिर थे कि कैसे अपने सम्मोहित करने वाले शब्दों से सामने वाले को कुछ देर के लिए सब कुछ भुला दिया जाए। मैं रिकॉर्डिंग की बात ही भूल गया। मनोविज्ञान कहता है कि शॉर्ट टर्म मेमोरी 15 से 30 सेकंड की होती है। उसके बाद या तो यह लॉन्ग टर्म मेमोरी में बदल जाती है, या फिर खो जाती है। आप अपनी चाबी को कहीं रखकर एकदम से भूल जाते हैं, उसकी वजह यही है कि वह आपकी लॉन्ग टर्म मेमोरी में तब्दील नहीं हो पाई। हमारी याद्दाश्त कुछ ऐसी है, मानो हम खुद को ही कॉल कर रहे हों। जादू बस इन्हीं कुछ क्षणों का खेल है। टेलीविजन पर डेविड ब्लेन का स्ट्रीट मैजिक काफी लोकप्रिय रहा, जिसमें वह सड़क पर चलते हुए लोगों को मजेदार अंदाज में जादू दिखाते हैं। यह वही शैली है, जिसकी शुरुआत तमारिज ने स्पेन के टेलीविजन शो में की थी। आज ये जादू सोशल मीडिया की रील्स में दिखते हैं। जादू को अक्सर ललित कलाओं में जगह नहीं मिलती। लेकिन बैंगनी रंग की टोपी पहने तमारिज की कला सांस्कृतिक आलोचकों को परेशान कर सकती है, देखने वालों को नहीं। तमारिज ने जादू की दुनिया में जो किया, उसका प्रमाण है कि दुनिया की हर जादू की दुकान पर उनका काम जरूर दिखेगा। उनका जादू इस धारणा पर आधारित है कि लोगों को वह अनुभव कैसे कराया जाए, जो हो ही नहीं सकता था। तमारिज के जादू में ताश की गड्डी तो एक जरिया है, दर्शकों की भावनाओं को परखने का, जिन्हें हमेशा यही लगता था कि तमारिज किसी भी क्षण हवा में उड़ने की ताकत रखते हैं। तमारिज कहते हैं कि उन्होंने इतिहासकार मिर्सिया एलियाडे से काफी कुछ सीखा, जिन्होंने अपनी पुस्तक मेफिस्टोफिल्स एंड द एंड्रोगाइन में इंडियन रोप ट्रिक का उल्लेख किया था। इस ट्रिक में एक रस्सी अपने आप आकाश में उठती है, जब तक कि दूर का छोर दृश्य से गायब नहीं हो जाता। उस रस्सी पर एक लड़का चढ़ता है, और वह भी दृश्य से गायब हो जाता है। अब यह जादू था या नहीं, इसका कोई प्रमाण नहीं है। लेकिन एक प्राचीन मिथक की तरह यह ट्रिक यह इशारा जरूर करती है कि ब्रह्मांड में कुछ रहस्य जादू की तरह मौजूद हो सकते हैं। तमारिज के जादू के अनुभव का सबसे विस्तृत विवरण उनकी पुस्तक ला विया मैजिका से मिलता है, जिसे 'द थ्योरी ऑफ फाल्स सॉल्यूशंस एंड द मैजिक वे' कहा जाता है। तमारिज का तर्क है कि यह जादू के मूल सिद्धांत थे, जिन्होंने फिल्म की कला को संभव बनाया; आखिरकार, एक फिल्म क्या है सिवाय एक भ्रम के जो एक कहानी कहती है?



रात के खाने का समय हो रहा था और हम निकलने की तैयारी कर रहे थे। तभी तमारिज ने ताश की गड्डी उठाई और मुझसे उसे काटने को कहा। फिर उनके कहने पर मैंने एक पत्ता निकाला। मैंने उन्हें बताया नहीं कि ये क्या था। मैंने पत्ता गड्डी में यूं ही रख दिया और पूरी गड्डी को कई बार फेंट दिया। उन्होंने गड्डी अपने हाथ में ली और एक झटके में उसे दूसरी ओर फेंका। सारे पत्ते इधर-उधर बिखरे थे, बस एक पत्ता उनके हाथ में रह गया। वह वही था। मैंने चिल्ला कर कहा, ये नहीं हो सकता। तमारिज मुस्करा रहे थे। वह खुद एक चलते-फिरते जादू हैं। मैड्रिड की उस रात, उस जगह पर, उस पल जो हुआ, उसका कुछ तो रहस्य रहा होगा। लेकिन मैं उसे जानना नहीं चाहता। क्योंकि अगर रहस्य जान लिया, तो उस अनुभव की याद खत्म हो जाएगी। मैंने चमत्कार होते देखा था। वह जादू में जादू था। – साभार

# माघ मास में प्रयाग स्नान का खास महत्व, आप भी लगा आईए एक डुबकी

गोस्वामी तुलसीदस जी श्रीरामचरितमानस के बालकाण्ड में माघ मास, मकर राशि के सूर्य तीर्थराज प्रयागराज और त्रिवेणी में स्नान की महिमा का बखान करते हुए कहते हैं,

**माघ मकरगत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई।।**
**देव दनुज किंनर नर श्रेनीं। सादर मज्जहिं सकल त्रिबेनीं।।**

माघ में जब सूर्य मकर राशि पर जाते हैं तब सब लोग तीर्थराज प्रयाग को आते हैं। देवता, दैत्य, किन्नर और मनुष्यों के समूह सब आदरपूर्वक त्रिवेणी में स्नान करते हैं। प्रयाग को तीर्थराज होने का जो गौरव प्राप्त है, वह संगम की महत्ता और देव ऋषियों की तपोभूमि होने के कारण है। माघ महीने में इस पुण्य भूमि का धार्मिक, पौराणिक महत्व अत्यधिक बढ़ जाता है। देव, मनुष्य, किन्नर सभी की उत्कट आकांक्षा होती है कि वह त्रिवेणी में स्नान करे। ऐसी मान्यता है कि माघ के महीने में सारे तीर्थ प्रयाग में हाजिरी लगाते हैं, लगाऐं भी क्यों न, प्रयाग तीर्थों का राजा जो है। यहां माघ महीने में स्नान, दान करने पर वे सारे फल एक साथ मिलते हैं जो भिन्न-भिन्न तीर्थों पर अलग-अलग मिलते हैं। वन जाते समय प्रभु श्रीराम यहां रुके थे और उपवास भी रखा था। दूर-दराज से आए श्रद्धालु प्रयागराज में अक्षयवट का दर्शन जरूर करते हैं, मान्यताओं के अनुसार यह प्रलयकाल में भी नष्ट नहीं होता। प्रलय काल में पत्तों पर नारायण बाल्यावस्था में अंगूठा चूसते हुए लीलामय रहते हैं और महेश्वर भगवान शिव साक्षात् अक्षयवट बन जाते हैं। प्रयाग अक्षय वट की उपस्थिति के कारण सृष्टि के आदि एवं अन्त दोनों का जागृत स्वरूप उपस्थित करता है। यही नहीं जब-जब सृष्टि पर विनाशकारी प्रभाव पड़े हैं जैसे समुद्र मंथन के बाद हलाहल की उठती वाष्पों से सारी मानवता कवलित हो रही थी तब ब्रह्मा ने इसके समाशोधन के लिए प्रयाग में ही सर्वप्रथम यज्ञ किया था। इसी प्रयाग में त्रिदेवों की संघनित उपस्थिति पर लगातार दृष्टि डालने के लिए तीनों देवियां कभी-कभी गंगा, यमुना, सरस्वती बनकर एक साथ संगम करती हैं और इसकी सीधी दृष्टि डालने पर विन्ध्य क्षेत्र में विन्ध्यवासिनी अष्टभुजी कालिका बनकर निवास करती हैं। देवताओं, ऋषियों, मुनियों द्वारा इस पतित पावनी गंगा-यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम तट पर सहस्त्रों यज्ञ व साधना करने से यहां की रज ही नहीं यह पूरा क्षेत्र ही पवित्र और पुण्यदायी है। कुंभ का स्नान धरती पर केवल हरिद्वार, नासिक, उज्जैन, प्रयागराज सहित विश्व में चार स्थानों पर ही है। प्रयागराज में हर बारहवें वर्ष महाकुंभ और हर छठे वर्ष अर्द्धकुंभ लगता है। महाकुंभ, अर्द्धकुंभ स्नान कैलेण्डर की तारीख के आधार पर निर्धारित नहीं होता अपितु बृहस्पति, सूर्य, चंद्र आदि की राशि विशेष में गोचरीय स्थिति पर निर्धारित किया जाता है। प्रयाग में इन ग्रहों की स्थितियों में किए गए स्नान से पाप प्रक्षालन और पुण्य परिवर्द्धन होता है। सूर्य जब मकर राशि में प्रवेश करता है, तो इस पुण्यकाल में स्नान-दान प्रयागराज सहित समस्त तीर्थस्थलों में विशेष माना जाता है। इस वर्ष 2024 में माघ मेला तथा अगले वर्ष 2025 में प्रयागराज की पावन धरती पर महाकुंभ में करोड़ों लोग स्नान-दान कर पुण्यार्जन करेंगे। मत्स्य पुराण में वर्णन आया है कि माघ के महीने में गंगा, यमुना, सरस्वती के संगम में स्नान करने से दस तीर्थों के साथ सहस्त्र कोटि तप का पुण्य प्राप्त होता है।



# स्वच्छता अभियान पर जागरुकता रैली और वक्तव्य हुए

## एन सी सी,एन एस एस के युवा सम्मिलित हुए

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदा कॉलेज में मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार युवा चर्चा,एन सी सी एवं एन एस एस के विद्यार्थियों के सहयोग से स्वच्छता अभियान तथा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संरक्षक प्रभारी प्राचार्य डॉअमिता जोशी ने वर्तमान समय की प्रासंगिकता को देखते हुए युवाओं से चर्चा करते हुए श्री राम के आदर्श, धैर्य, समाज सेवी मिलनसार और मित्रता के गुणों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके व्यक्तित्व से सीख लेने की बात कही।मुख्य वक्ता के रूप में डॉ के जी मिश्र ने राम और केवट के संवाद के माध्यम से युवाओं को राम की विनम्रता के बारे में बताया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संपादक योगेश पंवार ने कहा कि आज भी ज्ञान के लिए किताबें, समाचार और मैगजीन अधिक उपयुक्त हैं। अखबार का हर पन्ना पर ज्ञानवर्धक है प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ने की आदत से प्रतियोगी परीक्षाओं में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी आसान हो जाती है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ हंसा व्यास एवं आभार डॉ सुनील दिवाकर ने किया। कार्यक्रम में हितेश गुप्ता एवं पत्रकार सुधीर व्यास, डॉ संजय चौधरी,डॉ ईरा वर्मा, डॉ चौधरी, डॉ एन आर अडलक, डॉ शिवाकांत मौर्य ,डॉ यास्मीन खान, प्रियंका राय,आरती रावत,रेणुका ठाकुर ,डॉ रूपा भावसार की उपस्थिति रही।



### 21 सागौन, दो पिकअप वाहन सहित एक मोटरसाइकिल जप्त

# जंगल माफिया ने कटाई के दौरान वन विभाग की टीम के साथ हुई मुठभेड़

**संतोष सिंह चंदेल/सिवनी मालवा**

विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सतपुड़ा के घने जंगलों में इन दिनों जंगल माफिया लगातार जंगलों की कटाई कर रहा है। कई बार तो वन विभाग की टीम की सक्रियता से यह जंगल माफिया कटाई के दौरान पकड़ा तो जाते हैं लेकिन पकड़ में सिर्फ कटी हुई लड़कियां ही वन विभाग की टीम के हाथ लगती हैं बाकी जो जंगल माफिया के बदमाश घटनास्थल से वहां से मौका देखकर भाग निकलते हैं। सिवनी मालवा वन परिक्षेत्र में आए दिन हो रही जंगल की कटाई के मामले सामने आते रहते हैं वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी नाकेदार स्थानीय होने का सबसे बड़ा फायदा बन माफिया उठा रहे हैं डिप्टी रेंजर नाकेदार अधिकतर नाले पर नहीं रहते हैं वहां पर ताला लटका रहता है जिसका परिणाम आज जंगल की लगातार कटाई हो रही है। ऐसा ही एक मामला बीती रात सामने आया सिवनी मालवा रेंज के अंतर्गत आने वाली ठेंकना बीट के पास बेड़िया नाले में के पास से सुबह-सुबह लगभग 21 सागवान के पेड़ की कटाई का मामला सामने आया है। कटाई की जानकारी लगते हुए ही वन विभाग के डिप्टी रेंजर बी, एल,अहिरवार बन सुरक्षाकर्मी आरएस ठाकुर,चौहान, डिप्टी रेंजर डोले जब घटना स्थल पर पहुंचे तो आरोपियों द्वारा जंगल माफिया द्वारा लकड़ी काट कर ले जाए जा रही थी उसी दौरान दोनों के बीच में पत्थर बाजी भी हुई।माफियाओं द्वारा वन विभाग की टीम पर जमकर पत्थर बरसाए गए इधर से भी पत्थर मारे गए आखिरकार बन माफिया के द्वारा वहां मोटरसाइकिल लकड़ी छोड़कर भाग गए फिलहाल खबर लिखे जाने तक कागजी कार्रवाई जारी थी।





### वन विभाग के पास सुरक्षा के नहीं है संसाधन

सिवनी मालवा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हाईवे से लगा ठेंकना बीट है इस बीट में वन विभाग का जो बाच टावर हाईवे पर है वहां पर ना तो लाइट की व्यवस्था है ना ही मोबाइल लगता है क्योंकि मोबाइल नेटवर्क ही नहीं है और ना ही वन विभाग के कर्मचारियों के पास सुरक्षा के कोई संसाधन है। जंगल माफिया इन्हीं का फायदा उठाकर लगातार जंगल की कटाई कर रहे हैं।

*बीते रोज हमारे वन विभाग की टीम द्वारा गस्ती के दौरान लकड़ी चोरों को पकड़ने के दौरान दोनों तरफ से पत्थर चलाए गए हैं जिसमें 19 पेड़ सागोन के और दो पेड़ अन्य सातकटा के साथ दो पिकअप वाहन और एक मोटरसाइकिल जप्त की गई है करवाई अभी जारी है।* ***अनिल कुमार चोपड़ा*** *डीएफओ नर्मदापुरम*

# जल संसाधन विभाग खेल प्रतियोगिता में नर्मदापुरम ने लहराया परचम



**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश सिंचाई जल संसाधन विभाग की 32 वी अंतरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता शिवपुरी में संपन्न हुई. क्षेत्रीय अध्यक्ष बशारत खान प्रभारी महेंद्र ओगले सचिव हेमंत अजनेरिया के नेतृत्व मैं नर्मदापुरम क्षेत्रीय के सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया. वालीवाल में नर्मदापुरम ने भोपाल को हराकर विजेता का खिताब जीता,सर्वश्रेष्ठ सूटर का पुरुस्कार बसारत खान को मैन ऑफ द फाइनल और प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी दीपक चौरे रहे. शूटिंग वॉल में भी नर्मदापुरम ने भोपाल को हराकर बने विजेता. मैन ऑफ द फाइनल जसवंत मालवीय प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी प्रभुदयाल कुर्मी बने. कैरम एवम शतरंज में नर्मदापुरम ने ग्वालियर को हराकर खिताब अपने नाम किया. उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर बृजेंद्र कुमार पाठक विजेता बने।दूसरी ओर बैडमिंटन में नर्मदापुरम एवम जबलपुर के मध्य खेले गए फाइनल मुकाबले में मेघा बंसल उप विजेता रही.नर्मदापुरम क्षेत्रीय क्लब की उपलब्धि पर पूर्व प्रमुख अभियंता राजीव सुखलिकर एवम शिशिर कुशवाहा प्रमुख अभियंता अधीक्षण यंत्री आर आर मीना , अनिल पीपरे अधीक्षण यंत्री बैतूल विपिन वामंकर कार्यपालन यंत्री ताम्रकार, कार्यपालन यंत्री व्ही ,के, जैन ,राजश्री कटारे शैलेंद्र पिपरे, डी के सिंह, ए, के, जाटप, आई, डी,कुंबरे क्षेत्रीय सलाहकार शाहिद हुसैन ,समन्वयक विनय पांडे, अनुभिगीय अधिकारी, एस एस रैकवार, एन के सूर्यवंशी, के आर भूमरकर, एम एल सोनिया, एवम जाटव ने क्लब के खिलाड़ी , पदाधिकारियों को बधाई एवम हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की पुरुस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता ऊर्जा एवम सिंचाई विनोद कुमार देवड़ा विशेष अतिथि पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह अधीक्षण यंत्री अनिल दीक्षित ने अध्यक्षता क्लब के प्रांतीय अध्यक्ष मनीष मांडलिक ने की इस अवसर पर प्रांतीय क्लब के पदाधिकारी एवम क्षेत्रीय पदाधिकारी एवम प्रांत के अलग अलग क्षेत्र से आए खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# मात-पिता को तीर्थ यात्रा कराने के बाद भागवत कथा ज्ञान का श्रवण करायेंगे

**नर्मदापुरम।** मात-पिता एवं गुरुजनों तथा अपने से जो भी श्रेष्ठ है उनका सम्मान करना उनकी आज्ञा को सिरोधार्य करना यह सब एकअति उत्तम मानव के गुण धर्म माने जाते हैं. माता-पिता को तीर्थ यात्रा कराना, उन्हें भागवत कथा का श्रवण कराना एक अच्छे सुपुत्र के कर्तव्य हैं. कुछ ऐसे ही उत्कृष्ट गुणों से परिपूर्ण व्यक्तित्व के धनी मध्य प्रदेश कृषि विभाग के सम्मानित अधिकारी नर्मदापुरम के पूर्व उपसंचालक कृषि जितेंद्र सिंह द्वारा अपने माता-पिता के सम्मान में उनके पैतृक ग्राम धमना जिला सतना में दिनांक 29 जनवरी से 5 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है. श्री गिरिजा शरण आश्रम उतैली जिला सतना के संत पंडित श्री हरिमणि गौतम द्वारा आयोजन स्थल पर दोपहर 3ः00 से शाम 6.00 बजे तक ज्ञान अमृत का रसपान कराया जाएगा. धार्मिक आयोजन में मुख्य यजवान के रूप में श्री नरेन्द्र सिंह एवं श्रीमती सीता सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम की जानकारी देते हुए योगेंद्र सिंह बघेल ने बताया दिनांक 29 जनवरी दिन सोमवार को कलश यात्रा दीप प्रागट्य एवं कथा का उद्घाटन होगा तथा 5 फरवरी दिन सोमवार को ब्राह्मण भोजन एवं महाप्रसाद भंडारे के साथ कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा. आयोजक जितेंद्र कुमार सिंह एवं सुखेंद्र सिंह रवि सिंह ने समस्त धर्म अनुरागी ज्ञान पिपासु प्रबुद्ध जनों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण लाभ लेने की अपील की है।

# सेवानिवृत कृषि कर्मचारियों के वार्षिक सम्मेलन में वरिष्ठों का सम्मान किया

**नर्मदापुरम।** जिला के सेवानिवृत कृषि कर्मचारी अधिकारी परिवार के तत्वावधान में नर्मदापुरम जिले के सेवानिवृत कृषि कर्मचारीयो एवं अधिकारीयो का वार्षिक सम्मेलन का आयोजन दत्त मंदिर नर्मदापुरम में किया गया. सम्मेलन में वरिष्ठ सेवानिवृत कर्मचारी अधिकारी उमाशंकर श्रोती बी डी चौरे सी एस राठौर नर्मदा प्रसाद गोल्हानी उमाशंकर तिवारी आर पी साहू एल एन तिवारी ओ पी मालवी एवं विनय दुबे का सम्मान किया गया. भारत पेंशन समाज के अध्यक्ष प्रभात पांडे ने पेंशनर्स की समस्या के संबंध में शासन का ध्यान आकृष्ट कराने हेतु एकता एवं संगठित होने का आग्रह किया. आयोजक मंडल के सदस्य बदन तोमर अशोक सोनी विनोद परसाई के सी दुबे डीएस चौहान एन के उमरे वाय एन शर्मा राजेश चौरे राजेन्द ठाकुर रमेश राजपूत एस के साहू आर के शर्मा गोद लेकर जैविक खेती कराने तथा प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की कल्पना के अनुरूप मोटा अनाज का रकबा बढाने तथा अयोध्या धाम में श्री राम जी की स्थापना के समय



सहित सिवनी मालवा भोपाल पिपरिया बाबई नर्मदापुर केसला सोहागपुर के लगभग एक सौ परिवार सम्मेलन में उपस्थित थे. सम्मेलन में अपने क्षेत्र में सफ़ाई करने एवं कम से कम पाँच कृषक परिवार को घर में पूजन अर्चन करने का संकल्प लिया. इटारसी से आये पीके चिमानिया पी शर्मा विजय वर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया. स्नेह भोज के उपरान्त कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# पॉलिटेक्निक कॉलेज में योग दिवस मनाया



**नर्मदापुरम।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर योगाभ्यास एवं सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ प्राचार्य आर एस लौवंशी द्वारा की गई एवं उनके द्वारा योग के महत्व पर प्रकाश डालकर नियमित योग करने की सलाह दी गई। संस्था के प्राचार्य डॉ पी सी नरवरे द्वारा योग प्रशिक्षक की भूमिका निभाकर योग एवं प्राणायाम पर संक्षिप्त जानकारी विद्यार्थी एवं महाविद्यालय परिवार के सदस्यों को प्रदान की गई। विभिन्न प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार के माध्यम से सभी ने स्वयं को उत्साहित और ऊर्जावान महसूस किया। महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष चंद्राकर एवं देवेश तिवारी द्वारा कहा गया कि ऐसे कार्यक्रम का आयोजन समय-समय पर किया जाना संस्था के हित में होगा।

**मेट्रो एंकर** | एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण कराएं

# राजस्व महा-अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन करें : कलेक्टर


### 15 जनवरी से 29 फरवरी तक चलाया जाएगा राजस्व महाअभियान

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**




जिले के राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों जिनमें नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती इत्यादि का समय सीमा में निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक्श पर तरनीम पीएम किसान का सैचुरेशन एवं समग्र का आधार से ई-केवाईसी और खसरे की समग्र, आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित अन्य समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व महा-अभियान का आयोजन 15 जनवरी से 29 फरवरी 2024 तक क्रियान्वित किया जाना है।

कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में राजस्व महा अभियान की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को अभियान का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन व अन्य कारणों से लंबित प्रकरणों का इस दौरान शत प्रतिशत निराकरण किया जाएं। अभियान का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन किया जाएं। बैठक में अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.एसडीएम तहसीलदार व अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में शामिल रहे. बैठक में कलेक्टर मीना ने सीमांकन, नामांतरण, बटवारा के प्रकरणों की तहसीलवार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कम प्रगति वाले तहसीलदारों को तत्परता से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी अपने मूल कार्यों को अच्छे से करें। ताकि राजस्व विभाग की सेवाएं प्रभावित न हों, उनका लाभ समय पर लोगों को प्राप्त हो। सभी एसडीएम भी अपने कोर्ट में लंबित प्रकरणों का समय पर निराकरण कराएं। उन्होंने स्वामित्व योजना की भी विस्तृत समीक्षा कर बेहतर कार्ययोजना बनाकर ग्राउंड ट्रूथिंग कर नक्शा जमा कराने की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश सभी एसडीएम और तहसीलदारों को दिए। उन्होंने धारणाधिकार योजना के संबंध में प्रकरणों की विसंगतियां दूर कर निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मीना ने निर्देश दिए की राजस्व अभियान के अन्तर्गत राजस्व रिकार्ड का वाचन- पटवारी द्वारा अच्छे से किया जाएं। एसडीएम, तहसीलदार भी अपने क्षेत्र में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में खसरा बी-1 का ग्राम में वाचन कराएं। अभियान में समग्र ई-केवाइसी तथा खसरे की समग्र,आधार से लिंकिंग, इस पर प्रकरण दर्ज कर आरसीएमएस में समय सीमा में निराकरण कराएं।अभियान अवधि में 06 माह से अधिक के दर्ज लबिंत प्रकरणों एवं का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाएं। अभियान अवधि में प्राप्त अविवादित प्रकरणों एक माह में शत-प्रतिशत निराकरण करें। उत्तराधिकार नामांतरण का प्रमाण पत्र 29 फरवरी तक प्रदाय कराएं।सीमांकन, नक्शा तरमीम- खसरे पर बटांकन होना परंतु नक्शे पर नहीं होना, खसरा नंबर का एक से अधिक बार होना, खसरे मे बटांकन होना एवं नक्शे में नहीं होना, शामिल खसरे को भिन्न किया जाना आदि प्रकरणों का निराकरण कराएं।







# देवपुर मंदिर प्रांगण में विधायक उमाकांत शर्मा ने दिया स्वच्छता का संदेश, मंदिर परिसरों की सफाई करने का किया आव्हान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र देवपुर में मकर सक्रांति पर्व पर आयोजित होने वाले मेले ओर स्वच्छता व्यवस्था को लेकर देवपुर का भ्रमण किया। आरोन मुख्य मार्ग से मंदिर को जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग के किनारे गंदगी को देखकर विधायक शर्मा ने अपनी गाड़ी से उतरकर प्रशासन ओर मेला समिति को मौके बुलाकर आइना दिखाया। इस मौके पर उन्होंने खुद भी आंगे रहकर सफाई अभियान में हिस्सा लिया और सड़क किनारे, मंदिर एवं मेला परिसर में फैला कचरा उठाया। प्रतिवर्ष मकर सक्रांति पर्व पर तीर्थ क्षेत्र देवपुर में स्थित बाबा विश्वनाथ के मंदिर में जनपद





पंचायत द्वारा मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले में पर्वी की डुबकी लगाने आसपास के ग्रामीण अंचल के हजारों श्रद्धालुगण पहुंचते है। इसी मेले के आयोजन की पूर्व तैयारियों को लेकर विधायक शर्मा ने प्रशासन को निर्देशित किया था। जिसको लेकर पंचायत एवं जनपद स्तर पर परिसर का विशेष सफाई अभियान कर स्वच्छता की जा रही है। इसी अभियान की समीक्षा करने तथा सहभागी होने विधायक शर्मा भी देवपुर पहुँचे। देवपुर में अभियान में सहभागी होकर उन्होंने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और स्वयं ने भी परिसर में फैली पन्नियों ओर कचरे को भी उठाया। इसके पुर्व शर्मा ने बाबा विश्वनाथ के दरबार मे पहुंचकर पूजा अर्चना भी की। इस अवसर पर जनपद में विधायक प्रतिनिधि हमीर सिंह यादव,मंडल अध्यक्ष झार सिंह दांगी, एसडीओपी उमेश तिवारी, तहसीलदार संजय चौरसिया,सीईओ वंदना शर्मा,जनपद सदस्य प्रतिनिधि लेखराज राजपूत,आदि के साथ प्रशासनिक कर्मचारी मौजूद थे।

**देवपुर मंदिर का बताया महत्व:** इस दौरान विधायक शर्मा ने देवपुर के प्राचीन महत्व से भी नागरिकों एवं मीडिया को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि देवपुर धाम हमारे क्षेत्र में जन जन की आस्था का केंद्र बिंदु है। इस स्थान को काशी विश्वनाथ के भांजे के रूप में भी पहचान जाता है। और तीर्थ करने वाले श्रद्धालु जब तक यहाँ जल नही चडाते तब तक उनकी यात्रा पूर्ण नही मानी जाती है। सतयुग तथा द्वापर युग से यहाँ का संबंध रहा है। पदम् पुराण में भी यहाँ का उल्लेख मिलता है। राजा वीर मणि ने भगवान राम के अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा यहाँ रोक था। उन्होंने आव्हान करते हुए कहा कि भगवान राम का उत्सव पूरा देश ही विश्व मनाने जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री मोदी जी एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी आव्हान किया है हम अपने अपने गाँव के तीर्थ, मंदिरो की स्वच्छता करे साथ ही इस आयोजन को उत्सव के रूप में मनाए।

## मकर संक्रांति पर होगा मेले का आयोजन

### स्वच्छता सर्वेक्षण में नपा सिरोंज ने प्रदेश में प्राप्त किया 26वां स्थान

# स्व. लक्ष्मीकांत के सपने हो रहे साकार, सिरोंज के विकास में लगेंगे चार चांद


**सईद खान, फरहान खान सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**





सिरोंज शहर को स्वच्छ साफ व सुंदर बनाने के लिए और जिस सिरोंज को देश और प्रदेश में पहचान देने के लिए सिरोंज के पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा का सपना अब साकार होता नजर आ रहा है। इस सपने को सकार करने के लिए उनके अनुज व क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के दिशा निर्देशन में शहर का विकास चरम सीमा पर पहुचता नशर आ रहा है। अभी हाल ही में भारत शासन द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण वर्श 2023 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद सिरोंज ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 की स्पर्धा में भाग लिया और भारत शासन द्वारा नपा परिशद को स्वच्छता सर्वेक्षण में राष्ट्रीय रैंकिंग 3970 में से 225 प्राप्त की एंव स्टेट रैंकिंग 130 में से 26 वा स्थान प्राप्त किया। साथ ही वेस्ट शोन में 130 में से 26 वां स्थान प्राप्त किया। शिसके अंतर्गत शासन द्वारा शारी की गई विभिन्न गाइड लाइनों का पालन कर निकाय के द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 की प्रतियोगिता में अपना दावा प्रस्तुत किया गया था शिसको भारत शासन दिल्ली की स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम ने निरीक्षण किया गया था। वहीं इसका परिणाम 11 शनवरी 2024 को घोषित किया गया। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व शी.एफ.सी वन स्टार कचरा मुक्त शहर तथा ओ.डी.एफ प्लस खुले में शौच मुक्त शहर का परिणाम घोषित किया गया था। शिसमें भी नगर पालिका परिषद ने शीएफसी वन स्टार,ओडीएफ प्लस की श्रेणी में चयन किया गया था। विधायक उमाकांत शर्मा के अथक प्रयास से नपा ने प्राप्त की प्रदेश में 26 वी रैंकिंग-नगर में जहां भी विधायक उमाकांत शर्मा अपने भ्रमण के दौरान जाते थे तो वहा पर नगर पालिका द्वारा की जा रही सफाई व्यवस्था व अनियमितओं को लेकर अपना कड़ा रूक रखते थें। इसको लेकर सदैव उन्होंने कार्यक्रमों व बैठको में चिंता शाहिर की और उन्होंने हमेशा ही यह कहा कि सिरोंज को हमें सुंदर और स्वच्छ बनाना है इसके लिए उन्होंने स्थानीय नगर पालिका व स्थानीय प्रशासन को हमेशा मार्गदर्शन व दिशा निर्देश देते रहें और नपा को प्रदेश सरकार से कई योजनाओं का लाभ दिलाते रहें। जिससे शहर की सुदरंता में चार चांद लग सकें। शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर विधायक ने काफी करीब से देखा और जहां सफाई व्यवस्था ठीक ढंग से नहीं होती थी। वहां पर सख्ती व प्यार से अपनी बात कही जिसका परिणाम सिरोंज शहर को मिला। वही नगर पालिका को पूरे प्रदेश में 26 वी रैंकिंग मिलना बहुत बड़ी बात है। क्योंकि शहां व्यवस्थाए जीरो पर थी वहीं व्यवस्थाए को नंबर वन बना दिया गया।

### तीन इंजन की सरकार ने किया कमाल



सिरोंज शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने व पूर्व मंत्री स्व लक्ष्मीकांत शर्मा के सपने को सकार करने के लिए उनके अनुज विधायक उमाकांत शर्मा के निर्देशन में एक युवा अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। जिसमें एसडीएम हर्शल चौधरी ने शहर के सौदर्यकरण व शहर को सुदंर और स्वच्छ बनाने के लिए विधायक उमाकांत शर्मा ने उन्हें जिम्मा सौंपा। इस जिम्मेदारी को पूरी करने के लिए एसडीएम हर्शल चौधरी ने एक युवा अधिकारियों की टीम बनाई जिसमें नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना, नपा उपयंत्री रोहित सिंह तोमर, अखिलेश मार्को को विष्वास पर शहर की सफाई व्यवस्था व सौदर्यकरण के लिए इस टीम को आगे बडाया। वही इस टीम ने शहर को सुदंर और स्वच्छ बनाने व सौदर्यकरण करने के लिए रात दिन एक कर दिया। एसडीएम ने नपा कर्मचारियों को उचित सम्मान व विष्वास में लेकर देर रात में चिहिंत स्थानों की सफाई कराई। एसडीएम की इस पहल ने एक अच्छा परिणाम दिया। वही नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू व स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना ने कर्मचारियों को विश्वास में लेकर बराबर साथ में खड़ें होकर उस सफाई को अंजाम दिया। जिसका परिणाम में नपा पे 26वी रैंकिंग हासिल की। नपा सीएमओ के पास एक अच्छा खासा नेटवर्क था और इसके पूर्व में भी श्री साहू ने स्वच्छता अभियान के लिए कई कार्य किए है। साथ ही कोरोना काल में भी श्री साहू अपने दो पाहिया वाहन से गरीबो को जो सेवाए दी थी। वह आज भी अदिजीए है उल्लेखनीय है कि उस खतरनाक समय में शहा लोंग अपने घरों से बाहर निकलने में डरते थें उस समय में भी श्री साहू गरीबों की मदद के लिए उनके द्वार पर पहुचकर मदद करने के लिए आगे खडें रहते थे। वही स्वास्थ्य अधिकारी धीरश मैना को सिरोंज में तो लंबे समय काम करने का अनुभव रहा। वही उज्जैन के सिंहस्थ मेले में उत्कृष्ट कार्य करने पर शासन द्वारा उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया था। इनकी कार्यकुशलता का फायदा भी सिरोंज नगर को 26वी रैकिंग हासिल करने में हुआ।

### शहर के विकास में लगेंगे चार चांद

स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद ने प्रदेश में 26वा स्थान प्राप्त किया। वही के आबादी वाले शहर के विकास में चार चांद लगेगें। इस उपलब्धि के बाद नगर पालिका को केन्द्र शासन से शो भी अनुदान राशि प्राप्त होगी उस राशि से शहर का विकास होगा। स्वच्छता अभियान के लिए शो भी नगर पालिका अपना प्रस्ताव शासन को भेजेगी उसके आधार पर लगभग करोडों रूपये का नपा को अनुदान प्राप्त होगा।







### परिषद ने भी निभाई अपनी जिम्मेदारी

नगर पालिका परिषद सिरोंज को स्वच्छता सर्वे में जो उच्च स्थान प्राप्त हुआ है उसमें नपा परिषद के अध्यक्ष मन मोहन साहू एंव उपाध्यक्ष मनोश शर्मा साईनाथ के साथ ही नगर के समस्त वार्डो के पार्षदों ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

### सीएमओ ने किया आभार व्यक्त

नगर पालिका परिषद की इस उपलब्धि पर नागरिकों एंव नपा के समस्त कर्मचारियों का नपा सीएमओ राम प्रकाश साहू ने आभार व्यक्त किया। वही उन्होने कहा कि नए नए प्रयोग व तरीको से स्टार रैंकिंग में अधिक सुधार लाया जाएगा। स्वच्छता की दिशा में हम निरंतर लगें रहते है और आगे भी यह क्रम जारी रहेगा। वहीं हम क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा के हम आभारी है कि हमें शो समय समय पर उनका मार्गदर्शन और दिशा निर्देश प्राप्त हुए उसी कारण हम यह उपलब्धि प्राप्त कर सके।

## एनसीईआरटी दिल्ली ने डॉ. आसिफ को किया सम्मानित



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

भारत सरकार केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रांतीय स्तर पर डॉक्टर आसिफ आसिफ खांन को उर्दू पाठ्यचर्या के लिए चयनित किये जाने के पश्च्यात अब विभिन्न प्रांत्रों से सम्मिलित भाषा विशेषज्ञ में डॉक्टर आसिफ द्वारा उर्दू भाषाई कौशल से पाठ्यचर्या निर्माण में एनसीईआरटी को विशेष परिस्थिति देने पर एनसीईआरटी भाषा प्रमुख द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रस्तुत का सम्मानित किया गया। उनके द्वारा पाठ्य-पुस्तक पाठ्यचर्या से सम्बंधित अदभूत सुझावों को स्वीकार करते हुए डॉ आसिफ को घड़ी घड़ी एनसीईआरटी दिल्ली आमंत्रित किया जारहा है। विगत 30 नवंबर से लगातार उन्हें दिल्ली बुलाया जाकर विभिन्न प्रांतों का भ्रमण कराया जा चुका है।

## कन्या महाविद्यालय की 132 छात्राओं ने रीजनल साइंस सेंटर देखा




**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**

शासन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के परिपालन में राजमाता विजयायाराजे सिंधिया शासकिय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय विदिशा की विज्ञान संकाय की 132 छात्राओं को रीजनल साइंस सेंटर भोपाल का भ्रमण कराया गया। रीजनल साइंस सेंटर भोपाल में चल रहे साइंस पर्व और 29वीं एनिवर्सरी सेलिब्रेशन में महाविद्यालय की छात्राओं ने प्राचार्य डॉ नीता पांडे की शुभकामनाओं के साथ भाग लिया। छात्राओं को राजा रमन आधुनिक तकनीकी केन्द्र इंदौर के वैज्ञानिक डॉ राजेश आर्य के व्याख्यान ÷लेजर और उसके अनुप्रयोग ÷ को सुनने का अवसर मिला। लेजर उसका इतिहास, कार्यविधि एवं वर्तमान आधुनिक तकनीकी उपयोग के बारे में छात्राओं को जानकारी दी गई। रिजनल साइंस सेंटर का उद्देश्य विज्ञान के प्रति छात्राओं की रुचि पैदा करना, विज्ञान को लोकप्रिय बनाना है। छात्राओं ने रीजनल साइंस सेंटर में विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शनीयां, गिटार के साथ ध्वनी कल्पना करना, हेड ऑन अपलेटर प्रदर्शनी, इंद्रा सागर पावर स्टेशन का मॉडल, अनंत कुआं, आभासी पियानो, गतिसील कंकाल जैसी प्रदर्शनी को देखा। छात्राओं ने तारामंडल और थ्री डी फिल्म का भी आनंद लिया। साइंस पर्व पर रिजीनल साइंस सेंटर में एम्स भोपाल सीएसआईआर, आरजीपीवी, बायोडायवर्सिटी बोर्ड ईपको, आर आर कैट इन्दौर ने प्रदर्शनी और मॉडल लगाकर छात्राओं को विज्ञान के प्रति जागरूक किया। छात्राओं के साथ शैक्षणिक प्रभारी डॉ विनीता प्रजापति, डॉ आरती मलहोसिया, प्रो. राम आशीष यादव, डॉ शांता अहिरवार, कु अभिलाषा साहू, कु शालू पाराशर आदि उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर** | ग्रामीणों को दी जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मिलित हुए कुरवाई विधायक

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम चलाया जा रहा हे जिसके तहत केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजना का ग्रामीणों को लाभ दिलाने एवं योजनाओं की जानकारी देने के लिए गांव गांव यात्रा पहुंच रही है जिसके तहत सभी विभागों के अधिकारी गांव में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुनकर उसका समाधान कर रहे है एवं योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने का काम भी किया जा रहा वही ग्रामों में राशन की पर्ची आवास को लेकर सबसे ज्यादा आवेदन आ रहे हैं इसी के तहत गुरुवार को ग्राम कर्राखेडी एवं चाठोली में कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे मंडल अध्यक्ष राकेश रघुवंशी महामंत्री अरविंद रघुवंशी युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित साहू जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भगत सिंह रघुवंशी भैरव सिंह कुर्मी नायब तहसीलदार श्री प्रजापति जनपद सीईओ बंदना शर्मा सम्मिलित हुए वहीं ग्रामीणों ने अपनी समस्या समस्याओं से विधायक हरि सिंह सप्रे जी को अवगत कराया वहीं उन्होंने जल्दी-जल्दी सारी समस्याओं का हल करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए वहीं उन्होंने कहा कि अगली बार जब भी मैं इन ग्रामों में आऊं मुझे कोई भी व्यक्ति परेशान होता ना दिखे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 80 करोड लोगों को मुक्त राशन देने का काम कर रहे हैं वही महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत फ्री गैस कनेक्शन लोगों को पक्के घर घर नल जल योजनाओं के माध्यम से घर-घर पानी पहुंचाना फसल बीमा एवं किसान सम्मन निधि के माध्यम से किसानों की मदद करने का कार्य कर रहे हैं वही इस कार्यक्रम में एलईडी के माध्यम से एलईडी पर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई वही हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए इस अभियान के तहत होने वाले कंपटीशन में अब्बल आने वाले युवाओं को मोदी जी के हस्ताक्षर की टी-शर्ट कैप एवं बेच भी वितरित किए गए वही स्वस्थ बालिकाओं को भी उपाहार दिए गए इस दौरान रामस्वरूप रघुवंशी कर्राखेड़ी सरपंच प्रतिनिधी भवानी सिंह कुर्मी मोहित रघुवंशी मन्नू कुर्मी राधा रमन कुर्मी शिवराज रघुवंशी लक्ष्मण रघुवंशी सहित कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।





# टीम इंडिया आज सीरीज पर कब्जा जमाने के इरादे से इंदौर में उतरेगी

**इंदौर, एजेंसी**

भारत और अफगानिस्तान के बीच 3 मैचों की टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला आज इंदौर में खेला जाएगा। होलकर स्टेडियम में मुकाबला शाम 7 बजे से शुरू होगा। टॉस शाम 6.30 बजे होगा। दोनों टीमें इंदौर में पहली बार आमने-सामने होंगी। भारतीय टीम पहला मैच छह विकेट से जीतकर सीरीज में 1-0 से आगे है। इस साल टीम इंडिया का यह दूसरा टी-20 मुकाबला होगा। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली इस मैच में वापसी के लिए तैयार हैं और वो शनिवार को



इंदौर पहुंच चुके हैं। कोहली पहले मैच में पर्सनल कारणों से उपलब्ध नहीं थे। टीम इंडिया आज का मैच जीतकर सीरीज पर कब्जा जमाने के इरादे से उतरेगी। वहीं अफगान टीम की कोशिश होगी की सीरीज को बराबरी पर ला सके। भारतीय टीम के लिए सीरीज टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिहाज से अहम है। टूर्नामेंट से पहले भारत की यह आखिरी टी-20 सीरीज है। इसके बाद भारत इंग्लैंड से 5 टेस्ट खेलेगा और फिर आईपीएल शुरू हो जाएगा। आईपीएल के मई के तीसरे सप्ताह तक चलने की उम्मीद है। टूर्नामेंट के ठीक बाद एक जून से ही वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 वर्ल्ड कप भी शुरू हो जाएगा।

### भारत-अफगानिस्तान के 6 टी-20

यह पहली बार है जब दोनों टीमों के बीच बाइलैट्रल सीरीज टी-20 सीरीज खेली जा रही है। वहीं टी-20 फॉर्मेट में भारत और अफगानिस्तान के बीच 6 मैच हुए हैं। 5 भारत ने जीते, जबकि एक मुकाबला बेनतीजा रहा। ये सभी मुकाबले अलग-अलग टूर्नामेंट में खेले गए हैं।

### इंडियन टीम के शिवम टीम के टॉप रन स्कोरर

आज के मैच में कप्तान रोहित शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल पारी की शुरुआत कर सकते हैं, पिछले मैच में वो ओपनिंग करने वाले थे, लेकिन मांसपेशियों में खिचाव की वजह से नहीं खेले थे। भारत का इस साल यह दूसरा टी-20 मुकाबला होगा। शिवम दुबे इस सीरीज में टीम इंडिया के टॉप रन स्कोरर हैं। वहीं टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट अक्षर पटेल ने लिए, उनके नाम 2 विकेट है। मुकेश कुमार ने भी पहले मैच में दो विकेट लिए थे, लेकिन अक्षर की इकोनॉमी उनसे अच्छी है। अफगानिस्तान की कमान इब्राहिम जादरान संभाल रहे हैं। टीम के लिए इस सीरीज में मोहम्मद नबी ने सबसे ज्यादा रन बनाए।

### विजयवीर को एशियन क्वालिफायर में सिल्वर मैडल; टोक्यो में 15 शूटर्स खेले

# 17 भारतीय निशानेबाजों ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**जकार्ता, एजेंसी**

विजयवीर सिधू ने भारत को शूटिंग में ओलिंपिक का 17वां कोटा दिलाया। शूटिंग में भारत से अब तक इतने ज्यादा प्लेयर्स ने कभी क्वालिफाई नहीं किया था। इससे पहले 2020 के टोक्यो ओलिंपिक में 15 शूटर्स ने हिस्सा लिया था। एशियन ओलिंपिक क्वालिफायर में विजयवीर ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में सिल्वर मेडल जीता। इससे पहले, 577 के स्कोर के साथ विजयवीर सिधू क्वालिफायर में पांचवें स्थान पर रहे और फाइनल के लिए जगह बनाई। गेम्स इस साल जुलाई के दौरान फ्रांस के पेरिस में होंगे। विजयवीर ने एशियन ओलिंपिक क्वालिफायर में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में सिल्वर मेडल जीता।




### एशियन क्वालिफायर में भारत का चौथा कोटा

एशियन ओलिंपिक क्वालिफायर में भारत का यह चौथा कोटा है इससे पहले रिदम सांगवान, ईशा सिंह और वरुण तोमर ने महिला और पुरुष कैटेगरी में ओलिंपिक के लिए क्वालिफायर किया था। भारत जुलाई में होने जा रहे पेरिस ओलिंपिक के लिए 33 कोटे हासिल कर चुका है। इनमें सबसे ज्यादा 17 शूटर्स ने दिलाए हैं। भारत को एथलेटिक्स से 9, बॉक्सिंग से 4, हॉकी, तीरंदाजी और कुश्ती से एक-एक ओलिंपिक कोटा मिला है। इस प्रतियोगिता में पेरिस ओलिंपिक 2024 के 16 कोटा दांव पर हैं। प्रतियोगिता में 26 देशों के 385 निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं।

### आठ ओलिंपिक टिकट राइफल शूटर्स ने दिलाए

अब तक भारत को शूटिंग से 17 ओलिंपिक कोटे मिले। इनमें राइफल में 8, पिस्टल में 7 और शॉटगन में 2 ओलिंपिक प्लेस शामिल हैं। विजयवीर से पहले रिदम, वरुण, ईशा और सरबजोत सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल, मनु भाकर ने 25 मीटर पिस्टल और अनीश भानवाल ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में ओलिंपिक कोटा हासिल किया।

### निशानेबाजों का अधिकतम कोटा हासिल

जुलाई में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए भारत ने 33 कोटा हासिल कर लिए हैं. अधिकतम 17 निशानेबाजों ने यह उपलब्धि हासिल की है। भारत को एथलेटिक्स में 9, मुक्केबाजी में 4, हॉकी, तीरंदाजी और कुश्ती में एक-एक ओलंपिक कोटा मिल चुका है। निशानेबाजी में भारत को अब तक 17 ओलिंपिक कोटा मिल चुका है. जिसमें राइफल में 8, पिस्टल में 7 और शॉटगन में 2 ओलंपिक स्थान शामिल हैं। विजयवीर से पहले रिधम, वरुण, ईशा और सरबजोत सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल, मनु भाकर ने 25 मीटर पिस्टल और अनीश भानवाल ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में ओलंपिक कोटा हासिल किया था।

### इस चैंपियनशिप में 256 पदक दांव पर हैं

इस चैंपियनशिप में 16 ओलंपिक कोटा दांव पर हैं जकार्ता में चल रही प्रतियोगिता में पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए 16 कोटा दांव पर हैं। प्रतियोगिता में 26 देशों के 385 निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं. इस प्रतियोगिता में ओलंपिक कोटा के अलावा 256 पदक दांव पर हैं. जिसमें 84 स्वर्ण, 84 रजत और 88 कांस्य शामिल हैं।

### इंडिया-ए व इंग्लैंड लायंस के बीच टूर मैच

# इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भरत और जुरेल ने जड़ा अर्धशतक






**धर्मशाला, एजेंसी**

भारत के लिए रजत पाटीदार ने शतकीय पारी खेली, जबकि सरफराज खान शतक से चूक गए। केएस भरत और ध्रुव जुरेल ने अर्धशतक लगाए। इन दोनों को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले दो मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। इंडिया-ए और इंग्लैंड लायंस के बीच तीन अनाधिकारिक मैचों की सीरीज से पहले दोनों टीमों के बीच टूर मैच खेला गया। दो दिवसीय यह मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इंग्लैंड लायंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। उन्होंने अपनी पहली पारी में 233 रन बनाए। जवाब में भारत ने पहली पारी आठ विकेट पर 462 रन बनाकर घोषित कर दी। यहीं पर मैच समाप्त हो गया।

भारत के लिए रजत पाटीदार ने शतकीय पारी खेली, जबकि सरफराज खान शतक से चूक गए। केएस भरत और ध्रुव जुरेल ने अर्धशतक लगाए। इन दोनों को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले दो मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड लायंस की पारी 233 रन पर खत्म हुई। कीटन जेनिंग्स 25 रन, एलेक्स लीस 35 रन, ओलिवर प्राइस सात रन, कप्तान जोश बोहानन आठ रन और जेम्स रीयू एक रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद ओली रॉबिन्सन और डेन मूसली ने छठे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी निभाई। रॉबिन्सन 52 गेंद में सात चौके और एक छक्के की मदद से 45 रन बनाकर आउट हुए। फिर मूसली ने जेम्स कोल्स के साथ सातवें विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी निभाई। कोल्स 20 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। मूसली ने 60 रन की पारी खेली। ब्राइडन कार्स पांच रन और मैथ्यू फिशर छह रन बनाकर आउट हुए। मैथ्यू पॉट्स नौ रन बनाकर नाबाद रहे। इंडिया-ए से स्पिनर मानव सुथर ने तीन विकेट लिए। वहीं, आकाश दीप को दो विकेट मिले। विद्वत कावेरप्पा, तुषार देशपांडे और पुलकित नारंग को एक-एक विकेट मिला। इंडिया-ए की शुरुआत शानदार रही। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन और रजत पाटीदार ने पहले विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी निभाई। ईश्वनर 32 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, प्रदोश रंजन पॉल 21 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रजत ने सरफराज के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी निभाई।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## खुलासा: सनी को थप्पड़ मारने पर विक्की ने खो दिया था आपा



अभिनेता विक्की कौशल अपने छोटे भाई सनी कौशल से कितना प्यार करते हैं, ये जगजाहिर है। हाल ही में सनी ने एक साक्षात्कार में अपने भाई विक्की कौशल के साथ अपने रिश्तों के लेकर खुलकर बातचीत की। इस दौरान सनी ने एक दिलचस्प घटना का भी खुलासा किया, जब अभिनेता विक्की कौशल ने उन्हें थप्पड़ मारने के वाले एक एक लड़के का कॉलर पकड़ लिया था। सनी ने साक्षात्कार में बताया कि विक्की और वे बचपन से ही एक-दूसरे के लिए काफी फिक्रमंद रहे हैं। सनी ने कहा, मैं और विक्की हम एक-दूसरे के प्रति बहुत प्रोटेक्टिव रहे हैं। हालांकि, किसी ने हमें यह चीज नहीं सिखाई, हम बस यह जानते थे कि हमें एक-दूसरे के साथ रहना हैं। वह मेरे लिए खड़ा होगा, मैं उसके लिए खड़ा रहूंगा। यह बहुत सामान्य सी बात है, क्योंकि हमें पता था कि हम एक ही खून हैं। सनी ने साक्षात्कार में एक दिलचस्प घटना का जिक्र किया। उन्होंने कहा, विक्की और मैं चोर पुलिस खेल रहे थे, हम दोनों अलग-अलग टीमों का हिस्सा थे। किसी बात को लेकर मेरी और विक्की की बहस होने लगी। हम भाई हैं, तो हम एक-दूसरे की भाषा समझते हैं। हमारे बीच पूरी गरमा गरमी होने लगी। हम बच्चे थे और मुश्किल से 11 या 12 साल के रहे होंगे। सनी ने आगे बताया, झगड़े के दौरान विक्की ने मुझे धक्का दे दिया, तभी अचानक से कोई दूसरा लड़का आया और उसे लगा कि हमारा झगड़ा हो गया है। उसने मुझे थप्पड़ मार दिया। ये देखकर विक्की ने अपना आपा खो दिया और उसका कॉलर पकड़ लिया। विक्की ने कहा मैं इसका भाई हूं, मैं इसे थप्पड़ मार सकता हूं। तू कौन होता है उसे मारने वाला?। गौरतलब है कि विक्की कौशल और सनी कौशल दिग्गज एक्शन निर्देशक शाम कौशल के बेटे हैं। फिलहाल सनी कौशल के काम की बात करे तो वे तापसी पन्नू के साथ 'फिर आई हसीन दिलरुबा' में नजर आएंगें। इसके अलावा उनके लिस्ट में 'लेटर्स टू मिस्टर खन्ना' और 'शिद्दत 2' भी शामिल है।

## इमरान ने खरीदी सबसे महंगी कार



टाइगर 3 की सक्सेस के बाद अब इमरान हाशमी ने खुद को एक लग्जरी तोहफा दिया है। ये गिफ्ट है भारत की सबसे महंगी रॉल्स रॉयस कार, जिसकी मौजूदा कीमत 12 करोड़ 25 लाख रुपए है। रिपोर्ट्स की मानें तो 44 साल के इमरान हाशमी ने 11 जनवरी को रॉल्स रॉयस घोस्ट ब्लैक बेज खरीदी है, जिसकी डिलीवरी उन्होंने 12 जनवरी को ली है। कार मिलने के बाद इमरान को मुंबई में अपनी नई कार में देखा गया है। टाइगर 3 एक्टर इमरान हाशमी लग्जरी गाड़ियों के शौकीन हैं। उनके कार कलेक्शन में लगभग सभी लग्जरी कार हैं। उनके कलेक्शन में 2 करोड़ 30 लाख की मर्सेडीज मेबैक एस 560 है। 3 करोड़ 79 लाख की लैंबोर्गिनी हुराकेन, 1 करोड़ 58 लाख की ऑडी 2 करोड़ 41 लाख की लैंड रोवर रेंज रोवर वॉग और 2 करोड़ 80 लाख की लैंबोर्गिनी गलार्डो भी उनके कलेक्शन का हिस्सा हैं। इमरान हाशमी बीते साल दो फिल्मों सेल्फी और टाइगर 3 में नजर आए हैं। अब उनके खाते में तमिल फिल्म ओजी है। फिलहाल इस फिल्म की शूटिंग जारी है। फिल्म टाइगर 3 में इमरान हाशमी ने जनरल आतिश रहमान का दमदार रोल निभाया था।

## नेशनल अवॉर्ड पाने की खबर सुन सो गई थीं कोंकणा सेन



कोंकणा सेन शर्मा अपनी नई वेब सीरीज 'किलर सूप' को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें अपनी तीसरी ही फिल्म मिस्टर एंड मिसेज अय्यर के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला था और जब सौतेले पापा ने ये खबर उन्हें दी तो वो फिर से जाकर सो गई थीं। उन्होंने बताया कि इस फिल्म के बाद भी वो अपने लिए जॉब तलाश रही थीं। कोंकणा सेन शर्मा इन दिनों अपनी नई वेब सीरीज किलर सूप को लेकर चर्चा में हैं। अभिषेक चौबे की वेब सीरीज किलर सूप में वह मनोज बाजपेयी के साथ नजर आ रही हैं। कोंकणा ने बताया कि साल 2003 में उन्हें जिस फिल्म के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का नैशनल अवॉर्ड मिला था वो फिल्म उन्हें कैसे मिली थी। ये फिल्म थी मिस्टर एंड मिसेज अय्यर, जिसे प्रड्यूस और जिसका डायरेक्शन भी उनकी मां एक्ट्रेस अपर्णा सेन ने किया था। कोंकणा ने ये पूरा किस्सा एएनआई से हुई बातचीत में सुनाया। फिल्म मिस्टर एंड मिसेज अय्यर में अपनी एक्टिंग के लिए तारीफें पानेवाली और नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली कोंकणा सेन शर्मा ने बताया कि उन्हें ये रोल मिला कैसे। कोंकणा ने कहा कि वह एक्टर तो बिल्कुल भी नहीं बनना चाहती थीं, इनफैक्ट के बाद भी नहीं जिसकी वजह से उन्हें इतना बड़ा अवॉर्ड मिला और ये उनकी तीसरी फिल्म थी। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें हमेशा से लगता था कि उन्हें रियल जॉब पाना है। इसलिए इस फिल्म मिस्टर एंड मिसेज अय्यर के खत्म होने के बाद भी वह अखबारों में क्लासिफाइड तलासती रहती थीं।

# मजबूती की उम्र में हो रहे बीमार, युवा अपनी आदतों में लाएं सुधार

*स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ओर जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि गलत खानपान और आदतों के चलते युवाओं में क्रॉनिक बीमारियां बढ़ी हैं। इनमें हार्ट डिजीज, ब्रेन स्ट्रोक, हाइ बीपी, कैंसर और जोड़ों की समस्या आदि हैं। ये समस्याएं कम उम्र में होने लगी हैं। एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 61 फीसदी मृत्यु गैर संक्रामक बीमारियों के कारण हो रही हैं।*

यूरोपियन सोसायटी ऑफ कार्डियोलॉजी के अनुसार युवाओं में ज्यादा अल्कोहल-स्मोकिंग की आदत से हार्ट अटैक व ब्लॉकेज, ब्रेन स्ट्रोक, मोटापा, हाई बीपी और डायबिटीज की समस्या बढ़ रही है। स्मोकिंग के चलते सामान्य लोगों की तुलना में तीन गुना अधिक कैंसर का खतरा रहता है। युवाओं में मोटापा अधिकतर बीमारियों की वजह बन रहा है।

### मेटाबॉलिज्म घटने से बढ़ रही बीमारियां

खराब खानपान और आदतों के चलते मेटाबॉलिक स्तर घटता है। इससे मोटापा बढ़ता है। दो दशक पहले तक क्रॉनिक बीमारियों का खतरा 40 वर्ष के बाद होता था लेकिन अब 20-25 वर्ष की उम्र में हो रहा है। इससे व्यायाम न करना, ज्यादा जंक फूड या बाहर का खाना आदि भी है।

### तीन तरह के तनाव

आज के युवाओं पर तीन तरह के तनाव हावी हैं। पहला, पढ़ाई का तनाव और दूसरा जॉब का। इनका सीधा असर मेंटल हैल्थ पर पड़ता है। हार्मोनल बैलेंस बिगड़ता है। तीसरा तनाव शारीरिक होता है। लंबे समय तक सीटिंग जॉब, खासकर कम्प्यूटर पर काम करने से भी शरीर का मेटाबॉलिज्म का स्तर बिगड़ता है। युवाओं में बढ़ती कम उम्र की बीमारियों की वजह ये भी हैं।




### मोटापे को नियंत्रित न करना

अपने देश में करीब 20 फीसदी युवा अधिक वजनी है। इसके बाद भी वे अपनी आदतों में सकारात्मक बदलाव नहीं करते हैं। अकेले मोटापे से 12 से अधिक गंभीर बीमारियों का खतरा कई गुना तक बढ़ता है। इनमें पेट, आंत, कई तरह के कैंसर, अस्थमा, हड्डियों की समस्या, यूरिनरी स्ट्रेस कॉन्टिनेंट्स, सांस फूलने, बांझपन आदि गंभीर समस्याएं भी हैं।

### याद्दाश्त की बढ़ रही परेशानी

हाल के कई अध्ययनों से पता चला है कि युवाओं की मेमोरी पर भी काफी असर पड़ रहा है। भूलने की दिक्कत बढ़ रही है। इसकी वजह नींद की कमी या समय से न सोना, एक साथ कई काम करना, ज्यादा तनाव में रहना, बिना डॉक्टरी सलाह के कुछ दवाइयां लेने से भी दुष्प्रभाव पड़ता है। इन सभी कारणों के चलते भी कई बीमारियों की आशंका भी कम उम्र में रहती है।

### स्लिम होने की चाहत भी खतरनाक

सामान्य तौर पर स्लिम होना अच्छी बात है लेकिन युवा तेजी से वजन कम घटाने के लिए जो तरीके अपनाते हैं जैसे हैवी जिमिंग या फिर कोई पाउडर आदि लेना। इससे कई बीमारियां कम उम्र में होने की आशंका रहती है। बॉडी बिल्डिंग के लिए युवा स्टेरॉइड आदि लेते हैं। इससे कई क्रॉनिक बीमारियां होती हैं।

**खराब होने पर खड़ी की थी**

## दुकान के किनारे खड़ी ऑटो मैकेनिक की बाइक चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** गौतम नगर स्थित एक आटो मैकेनिक की दुकान के किनारे खड़ी मोटर सायकिल चोरी हो गई। पुलिस के मुताबिक फिरोज शाह (38) बैरसिया रोड स्थित ब्लूमन कालोनी निशातपुरा में रहते हैं और छोला रोड स्थित मरघट के पास आटो मैकेनिक का काम करते हैं। पिछले दिनों उनकी मोटर सायकिल खराब हो गई थी, इसलिए उन्होंने बाइक को अपनी दुकान के बाहर दीवार के किनारे खड़ी कर दी थी। शुक्रवार को नजर पड़ी तो बाइक गायब हो चुकी थी। इधर पिपलानी थानांतर्गत इंद्रपुरी स्थित स्वीट होम्स के सामने खड़ी देव भगत की मोटर सायकिल चोरी चली गई। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**कटारा हिल्स थाना क्षेत्र का मामला**

## करंट से झुलसकर नाबालिग की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित रापड़िया गांव में 16 साल के नाबालिग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। करंट से झुलसने के बाद परिजन उसे एम्स लेकर पहुंचे थे। एम्स की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा जाएगा।



पुलिस के अनुसार अजय नामदेव पिता बबलू नामदेव (16) गांव रापड़िया में रहता था और दसवीं कक्षा में पढ़ता था। कल रात करीब 9 बजे वह घर के आंगन में केबल में होल्डर लगा रहा था, तभी करंट से झुलस गया। परिजन उसे इलाज के लिए एम्स लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने बताया कि उसकी मौत हो चुकी है।

**ईंटखेड़ी इलाके का मामला**

## कंटेनर की टक्कर से ऑटो चालक समेत कई घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** ईंटखेड़ी इलाके एक कंटेनर ने आगे चल रहे सवारी आटो को टक्कर मारते हुई काफी दूर तक घसीट दिया। इस हादसे में आटो चालक समेत पांच लोगों को चोट आई है। पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक नरेंद्र शर्मा (22) नईबस्ती सेक्टर-3 गांधी नगर में रहता है और सवारी आटो चलाता है। शुक्रवार रात वह अपने दोस्त अविनाश और तीन सवारियों को लेकर बुधनी से गांधी नगर लौट रहा था। रात करीब साढ़े नौ बजे ईंटखेड़ी स्थित सैनी चौराहे के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे कंटेनर ने उसके आटो को टक्कर मारते हुए काफी दूर तक घसीट दिया। इस हादसे में नरेंद्र और उसके दोस्त को गंभीर चोट आई है, जबकि पीछे बैठी सवारियों को हल्की चोट लगी। पुलिस ने टक्कर मारने वाले कंटेनर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**बाग सेवनियां में विवाद हो गया**

## ऑटो हटाने की बात पर विवाद, ठेकेदार की उंगली टूटी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** बागसेवनिया इलाके में आटो हटाने की बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान एक युवक ने ठेकेदार पर पत्थरबाजी कर दी, जिससे उनकी उंगली टूट गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक प्रदीप दास (42) जाटखेड़ी मिसरोद में रहते हैं और फेब्रीकेशन की ठेकेदारी करते हैं। शुक्रवार सुबह उनका बेटा पुराना लोहा लादने के लिए लोडिंग आटो लेकर अपने बागमुंगालिया वाले घर पहुंचा था। इस बीच रास्ते में एक आटो खड़ा था, जिसे उसने हटाने के लिए कहा। इस पर लक्की नामक युवक पहुंचा और उनके बेटे के साथ झूमाझटकी करने लगा। सूचना मिलते ही प्रदीप दास पहुंचे और बीच-बचाव किया तो लक्की उनके साथ गाली गलौज करने लगा। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उसने पत्थरबाजी कर दी, जिससे पत्थर उनके बाएं हाथ की उंगली में लगा, जिससे फ्रेक्चर हो गया।

**कोलार में खोल रखी थी कि इलेक्ट्रानिक्स उपकरणों की दुकान, जेके अस्पताल के डॉक्टरों को बनाया शिकार**

# मेक भारत नाम से ऑनलाइन पोर्टल बनाकर 130 लोगों से सवा 5 करोड़ रुपए की ठगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**कोलार इलाके में 130 लोगों से करीब सवा 5 करोड़ रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। दरअसल खुद को महाराष्ट्र का बताने वाले दो जालसाजों ने भोपाल के 130 लोगों से करीब सवा 5 करोड़ रुपए की चपत लगाकर फरार हो गए। जालसाजों ने ठगी करने मेक भारत नाम से ऑनलाइन पोर्टल बनाया। इसके बाद 12 तरह स्कीमों में लोगों का पैसा निवेश करा लिया। जब रिटर्न देने की बारी आई, तब आरोपी भोपाल छोड़कर भाग निकले। अधिकतर ठगी के शिकार जेके अस्पताल के डॉक्टर हैं। क्राइम ब्रांच आरोपियों की तलाश में जुटी है। उनके लोकेशन एमपी से बाहर मिली है।**

जानकारी के मुताबिक, जेके अस्पताल के डाक्टरों ने क्राइम ब्रांच में एफआईआर दर्ज कराई है। डॉक्टरों ने पुलिस को बताया कि जुलाई 2023 में जेके अस्पताल के अन्दर कार्यरत कर्मचारी ओमप्रकाश वर्मा, श्याम तंवर ने आनलाईन पोर्टल मेक भारत में इन्वेस्टमेंट के बारे में बताया। उन्होंने डाक्टरों को बताया कि दो वर्षों में पोर्टल में निवेश कर उन्होंने अच्छा लाभ कमाया है। कर्मचारियों ने डॉक्टरों को बताया कि यह स्कीम औरंगाबाद, महाराष्ट्र निवासी संतोष दास उसका पार्टनर सुनील रामभाउ ढोले मिलकर चला रहे हैं। कर्मचारियों के मुनाफा बताने पर डॉक्टरों ने निवेश कर दिया। एक डाक्टर ने पोर्टल में 22 लाख रुपए का निवेश किया। रिटर्न में सिर्फ 5 लाख रुपए मिले। इसके बाद डॉक्टर ने जब आरोपियों के बारे में पता किया तो उनका मोबाइल बंद मिला। ठगी का संदेह होने पर सभी फरियादी क्राइम ब्रांच थाना पहुंचे। पुलिस ने जांच के बाद संतोष दास, सुनील रामभाऊ के खिलाफ मामला दर्ज किया।




### कोलार में खोली इलेक्ट्रानिक्स की दुकान

संतोष दास मूलतः औरंगाबाद का रहना बताया। वह ठगी करने भोपाल आया। उसने कोलाल के अवंतिका होम्म के सामने अपने बेटे कुशल दास के नाम पर कुशल इलेक्ट्रानिक्स दुकान खोली। मार्च 2022 में दुकान बंद कर औरंगाबाद चला गया। बीच-बीच में संतोष दास भोपाल आता-जाता रहा। वह होशंगाबाद रोड में रहने वाली अपनी सगी विधवा साली जया के घर में रुकता था।

### 5 जनवरी से फोन बंद

पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी 5 जनवरी से फोन बंद किया है। पीड़ित औरंगाबाद भी गए। लेकिन, संतोष अपनी मकान-दुकान में नहीं मिला।

### साली को भी लगाई चपत

पुलिस ने संतोष की भोपाल में रहने वाली उसकी साली से भी पूछताछ की है। उसने बताया कि संतोष व उसका पार्टनर हमारे भी पैसे खाकर भाग गए हैं। उनके वर्तमान पते ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। संतोष की पत्नी का भी पता नहीं है।

### मुनाफे का लालच देकर ठगी

दोनों जालसाजों ने निवेशकों को झांसा दिया कि दो साल में उनके निवेश किए पैसे दोगुना हो जाएंगे। लालच में आकर लोगों ने निवेश कर दिया। शुरूआत में आरोपी रिटर्न दिया। इसके बाद जब करोड़ों रुपए उसके एकाउंट में जमा हो गए। वह पोर्टल बंद कर फरार हो गया। अभी तक पुलिस के पास 130 आवेदन आ चुके हैं। इनकी जांच में आया कि आरोपियों ने 12 तरह की स्कीम लांच कर लोगों को ठगा है।

**चार करोड़ 63 लाख की ठगी मामला**

## बैंकों में कुर्क प्रॉपर्टी की नीलामी में भी बड़े स्तर पर फ्रॉड की आशंका

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

आईसीआईसीआई बैंक कोलार शाखा में हुए 4 करोड़ 63 लाख रुपए के फ्रॉड के मामले की जांच में जुटी क्राइम ब्रांच को बैंकों में कुर्क प्रॉपर्टी की नीलामी में भी बड़े स्तर पर फ्रॉड होने की 4 शिकायतें मिली हैं। पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि लोन नहीं चुका पाने वाले ग्राहकों की प्रॉपर्टी को बैंक नियमानुसार बैंक कुर्क कराती हैं। इसके बाद उनकी नीलामी कराती हैं। नीलामी में प्रॉपर्टी को कम कीमत पर खरीद लिया जाता है। शिकायतों में सामने आया लोन लेते समय जब ग्राहक ने प्रॉपर्टी को बैंक में बंधक रखा तब उसकी कीमत बैंक ने ही 1 करोड़ रुपए आंकी। नीलामी में उसी प्रॉपर्टी की कीमत 50 फीसदी कम में दे दी गई। पुलिस को संदेह है कि नीलामी प्रक्रिया में बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से ही खेल हुआ होगा। इसकी बड़ी वजह यह कि अधिकतर बैंक नीलामी का इश्तहार तक नहीं निकाला जाता। बैंक अधिकारी गुपचुप तरीके से कुर्क प्रॉपर्टी की नीलामी कर देते हैं। बोली लगाने वाले भी बैंक अधिकारियों से जुड़े होने से भी पुलिस ने इंकार नहीं किया है।




### बैंक से आरोपियों के अकाउंट की मांगी जानकारी

इधर, आईसीआईसीआई बैंक कोलार शाखा में हुए गोल्ड लोन मामले में क्राइम ब्रांच ने बैंक की सभी गोल्ड लोन देने वाली शाखाओं से जानकारी मांगी है। नोटिस में पुलिस ने बैंक को लिखा कि यदि गोल्ड लोन में कोई फ्रॉड हुआ है उसकी जानकारी पुलिस को दें। इसके अलावा गोल्ड में फरार आरोपियों के अकाउंट की जानकारी भी बैंक से मांगी गई है। उनके खाते में कितना पैसा है इसकी भी डिटेल देने को पुलिस ने लिखा है।

### भूमिगत हुए सभी 13 आरोपी

आईसीआईसीआई बैक शाखा कोलार रोड का बैंक मैनेजर अमित पीटर, डिप्टी ब्रांच मैनेजर दीक्षा मीणा, सेल्स मैनेजर गोल्ड लोन सौरभ खरे, रिलेशनशिप मैनेजर पवन सेन, सुनार राम कृष्ण, सुनार राकेश सोनी, सुनार जगदीश कुमार सोनी, मोहम्मद उमर फारुख खान, शोभित कुमार जैन, हिमांशु मालवीय, अक्षय कुमार जैन, करण सिंह, शक्ती सिंह तोमर, मीना शर्मा, अंकित श्रीवास्तव, रवि गुप्ता, अरुण शर्मा को आरोपी बनाया है। इनमें सिर्फ चार लोग गिरफ्तार हुए हैं। 13 फरार हैं। पुलिस इनके घरों में दबिश दी, लेकिन सभी घरों से गायब मिले।

### ऐसा खुला था गोल्ड लोन फॉड का राज

आईसीआईसीआई बैंक भोपाल रीजनल हेड, कंचन राजदेव, एरिया मैनेजर भानु उमरे ने कोलार रोड स्थित अपनी ब्रांच का आकस्मिक निरीक्षण/आडिट किया था। इसमें गिरवी रखा सोना नकली निकला था। तब इसकी शिकायत पुलिस से उन्होंने कर दी।

## आधे घंटे के भीतर पंचर खड़े ई-रिक्शा की चार बैटरियां ले उड़े बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** गौतम नगर इलाके में आधे घंटे के भीतर पंचर खड़े एक ई-रिक्शा की चार बैटरियां बदमाश चोरी कर ले गए। घटना के समय चालक पंचर बनवाने के लिए दुकान पर चला गया था। चोरी गई बैटरियों की कीमत 40 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक राजनीत पटेल (40) महामाई का बाग ऐशबाग में किराए से रहते हैं और ई-रिक्शा चलाने का काम करते हैं। शुक्रवार सुबह वह रिक्शा लेकर गणेश मंदिर से होकर सब्जी मंडी करोंद की तरफ जा रहे थे। गणेश मंदिर स्थित अंडर ब्रिज के पास उनका रिक्शा पंचर हो गया। पटेल ने सड़क किनारे रिक्शा खड़ा किया और पहिया निकालकर पंचर बनवाने के लिए बस स्टैंट चले गए। करीब आधे घंटे बाद लौटे तो उनके रिक्शे की चार बैटरियां चोरी हो चुकी थी।

## शराब के लिए अड़ीबाजी, युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित बाणगंगा में सुलभ कांप्लेक्स के पास एक बदमाश ने युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। दरअसल, बदमाश ने शराब पीने के लिए युवक से रुपए मांगे थे। रुपए नहीं होने पर युवक ने उसे रुपए देने से इंकार किया तो बदमाश ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से युवक के हाथ की अंगुलियां बुरी तरह से कटी है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार नीरज राजपूत पिता जगदीश राजपूत (29) सुलभ कांप्लेक्स के पास बाणगंगा, टीटी नगर में रहता है और पार्किंग में ठेकेदार के पास काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि कल रात करीब 9 बजे के आसपास वह सुलभ कांप्लेक्स खड़ा था, तभी वहां मोहल्ले में रहने वाला अज्जू उर्फ अजहर पहुंचा और शराब के लिए अड़ीबाजी करने लगा। नीरज ने रुपए देने से मना किया तो आरोपी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से नीरज के हाथ की अंगुलियां बुरी तरह से कटी है।






**मेट्रो एंकर** **बचने के लिए वनरक्षक ने दौड़ लगाई तो उसकी बाइक जला दी**

## आधी रात को नाकाबंदी लगाकर बैठे वनरक्षक के साथ बदमाशों ने की मारपीट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

नजीराबाद इलाके में आधी रात को नाकाबंदी लगाकर बैठे एक वनरक्षक के साथ बाइक सवार दो बदमाशों ने मारपीट कर दी। जान बचाने के लिए वनरक्षक जंगल की तरफ भागा तो बदमाशों ने उसकी बाइक में आग लगा दी। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ शासकीय सेवक के साथ मारपीट और तोड़फोड़ करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगाई गई है।

थाना प्रभारी सुनील कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि खुमान सेन वन विभाग में वनरक्षक है। शुक्रवार की रात करीब बारह बजे वह नजीराबाद और लटेरी के बीच स्थित ग्राम डइयन के पास सड़क पर नाकाबंदी लगाकर बैठा हुआ था। उसके साथ गांव के कुछ वन चौकीदार भी थे। रात करीब बारह बजे बाइक सवार दो युवक पहुंचे और सड़क पर पत्थर रखे देख गाड़ी रोकी। दोनों युवकों ने खुमान सेन से रास्ता बंद करने का कारण पूछा तो उसने बताया कि चैकिंग के लिए उसने रास्ता रोक रखा है। इस पर दोनों युवक विवाद करने लगे तो वहां मौजूद वन चौकीदार इधर-उधर हो गए। खुमान को अकेला पाकर दोनों युवकों ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जान बचाने के लिए खुमान जंगल की तरफ भाग निकला। कुछ देर बाद वापस लौटा तो देखा कि उसकी बाइक आग से जल चुकी है और दोनों युवक भाग चुके हैं। इसकी जानकारी उसने वन अधिकारियों को दी और सुबह नजीराबाद थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीम लगाई गई है। फिलहाल आरोपियों की पहचान नहीं हो पाई, लेकिन अनुमान है कि वह आसपास के किसी गांव के रहने वाले होंगे।



स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022